CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 01-02-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZJKT1 User: cci Time: 01-31-2026 22:11 Color:

NBT
गाज़ियाबाद Times
OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । रविवार, 1 फरवरी 2026

जावेद जाफरी चमके, पर फिल्म रही फीकी
देखें अंदर

ITMS शुरू, पहले ही दिन बिना हेलमेट का चालान
देखें अंदर

MADHUSUDAN®

क्या आपका
PURE घी
सच में PURE है?

घी का सच
जानने के लिए
QR कोड स्कैन करें

For Business Enquiries, Contact:
Mr. Saurabh Aggarwal: +91-9811665775 & Rahul Yadav: +91 9837040163

madhusudan.dairy
madhusudan.dairy2025
Madhusudan_CFL
madhusudan.dairyproducts
madhusudan
madhusudanworld.com

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 01-02-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAJT2 User: cci Time: 01-31-2026 22:23 Color:

फटाफट खबरें

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : बूज बिहार के वॉर्ड 68 में शनिवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नामावली में सुधार के लिए बूथ कैंप लगाए गए। अभियान का उद्देश्य उन नागरिकों का सुविधा प्रदान करना था जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। इस अभियान के दौरान विनय चौधरी, केडी फाउंडेशन, वीरेंद्र सिंह, अशोक पांडेय, लल्लन सिंह, सुधीर त्यागी, विक्रम चौधरी इत्यादि मौजूद रहे।

शालीमार गार्डन पहुंचे कांग्रेस नेता दिग्विजय

■ NBT रिपोर्ट, मोहन नगर : शालीमार गार्डन में शनिवार को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह पहुंचे। वह वह कांग्रेस नेता नरेंद्र राठी के आवास पर पहुंचे , जहां उन्होंने उनकी माता प्रकाशी देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बता दें कुछ दिन पूर्व उनका निधन हुआ था। इस मौके पर यहां कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, डॉ संजीव शर्मा और अन्य नेता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने नरेंद्र राठी के अन्य रिश्तेदारों से भी मुलाकात की।

पार्क के सौंदर्यीकरण का काम शुरू

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : इंद्रापुरम के अन्य खंड मिलन विहार 2 में शनिवार को पार्क हरीश कराकोटी ने नारियल फोड़कर पार्क के सौंदर्यीकरण के काम की शुरुआत की। पिछले कई वर्ष से यह पार्क बहुत खराब हालत में था। इस दौरान पार्क ने बताया कि मिलन विहार के लोगों ने यहां के पार्क के विषय में शिकायत की थी। उनके कारण ही यहां पर काम शुरू हो पाया है। उद्घाटन के दौरान मिलन विहार के लोग मौजूद रहे।

UGC बिल पर क्षत्रिय समाज ने की बैठक

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : यूजीसी की भेदभाव वाली गाइडलाइन के खिलाफ क्षत्रिय समाज ने राजेंद्र नगर सेक्टर-5 में बैठक की। फैसला किया गया कि सामान्य वर्ग के लोगों के अलावा अंबेडकरी और अनुसूचित जाति और जनजाति समाज के लोगों को लेकर क्षत्रिय समाज इस गाइडलाइन का विरोध करेगा। बैठक की अध्यक्षता यशपाल सिंह की तरफ से की गई। बैठक में भूपेंद्र सिंह, केपी सिंह, विनोद कुमार सिरसेडिया, सतीश दाहिमा, प्रेमपाल सिंह सिरसेडिया, शिवकुमार राघव सहित कई लोग मौजूद रहे।

प्रफेसर सोते रहे, क्रेडिट कार्ड से हो गई तीन लाख की शॉपिंग

पीड़ित ने OTP बताया न पिन, फिर भी कट गई रकम, शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

साइबर अपराधी लोगों से ठगी के नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें एक प्रफेसर मैं न तो किसी को ओटीपी बताया और न ही पिन, फिर भी उनके क्रेडिट कार्ड से तीन लाख रुपये की शॉपिंग कर ली गई। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का पता चला। इस पर उन्होंने कार्ड ब्लॉक कराकर थाने में केस दर्ज कराया। शास्त्री नगर स्थित महेंद्र एंक्लेव के लक्ष्मी निवास में रहने वाले शिरीश जौहरी ने बताया कि निजी आईटी कॉलेज में प्रफेसर हैं। 22 जनवरी को मोबाइल पर कई मैसेज आए। पहले ओटीपी का मैसेज था। इसके बाद तीन लाख रुपये की शॉपिंग किए जाने का जिक्र था। आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से पहले डेढ़ लाख रुपये और 1.35 हजार रुपये की शॉपिंग की गई। वहीं, SBI के क्रेडिट कार्ड से 11 हजार और चौथे मैसेज में आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से चार हजार रुपए कटने का पता चला। मुंबई के प्रोमा स्टोर से ऑनलाइन शॉपिंग की गई है। 30 जनवरी को केस दर्ज किया गया। एसीपी कविनगर सुर्यबली मौर्य ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने पीड़ित को वापस किए ठगी के 42 हजार

■ NBT न्यूज, हापुड़ : धन चौलाना क्षेत्र निवासी शख्स को पुलिस ने ठगी के 42,585 रुपये वापस कराए हैं। ग्राम देहरा निवासी मोहम्मद आदिल के साथ ऑनलाइन 45 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम टीम से की थी। टीम ने त्वरित कार्रवाई कर तकनीकी जांच और संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर 42,585 रुपये वापस कराने में सफलता प्राप्त की। थाना प्रभारी मनोज चौहान के नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम ने इसे अंजाम दिया।

IGL का कर्मचारी बनकर खाते से निकाले 3.45 लाख रुपये

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: साइबर ठगों ने आईजीएल का कर्मचारी बनकर एक शख्स को फोन किया और उसके खाते से 3.45 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर 30 जनवरी को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। थाना वेवसिटी क्षेत्र की वर्तिका सोसाइटी के टॉवर नंबर तीन में रहने वाले राजेंद्र कुमार चौपड़ा ने बताया कि 19 दिसंबर को जालसाज ने फोन किया था। आरोपी ने उनके गैस संबंधित मीटर के बारे में बातचीत की। उसने एक लिंक भी भेजा। बताया कि उस पर क्लिक करने के बाद वह कुछ चीजों को अपडेट कर सकेगा। उस नंबर पर कॉल करते ही पीड़ित का मोबाइल हैंक हो गया। इसके बाद खाते से तीन बार में रकम निकल गई। एसीपी वेवसिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि केस दर्ज कर विवरण जुटाया जा रहा है। जिस खाते में पैसे गए, उन्हें ब्लॉक कर दिया गया। जल्द ही रुपयों की वापसी और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, कविनगर थाना क्षेत्र की बाग वाली कॉलोनी में रहने वाले लक्ष्मन चौधरी ने बताया कि उनके मोबाइल 22 अक्टूबर 2025 को एक कॉल आई। कॉलर ने झांसे में लेकर खाते का विवरण ले लिया। इसके बाद चार बार में 85 हजार 500 रुपये निकाल लिए। करीब तीन माह बाद पीड़ित की शिकायत पर 31 जनवरी को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

सिद्धार्थ विहार योजना में रोड पर बह रहा सीवर का पानी

NH-9 को जोड़ने वाली सड़क जलभराव और कीचड़ से भरी है, राहगीरों और वालकों को परेशानी

■ अधिकारी बोले-45 लाख रुपये का हो चुका है टेंडर
■ मौसम साफ होते ही सड़क का निर्माण शुरू कराएंगे

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

आवास विकास की सिद्धार्थ विहार योजना मेंटेनेंस के अभाव में बेहाल है। हालम्कर यहां की सड़कें चलने लायक नहीं बची हैं। एनएच-9 को जोड़ने वाली सड़क वर्तमान समय में जलभराव और कीचड़ से भरी हुई है। यहां चलने वाले दोपहिया चालकों के लिए मुसीबत खड़ी हो रही है। स्थानीय निवासी एनके नेगी ने बताया कि शुरूआत में लगा रहा था कि बारिश के कारण जलभराव है, लेकिन आवास विकास की जांच में यहां पर सीवर लीकेज है। हालांकि, आवास विकास के अधिकारियों का कहना है कि इस सड़क की मरम्मत के लिए 45 लाख का टेंडर हो रहा है। मौसम और एक्यूआई ठीक होते ही सड़क का निर्माण किया जाना है। पूरे मामले पर सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर अंतप मित्तल ने बताया कि लीकेज को ठीक किया गया था। दोबारा लीकेज की शिकायत पर कर्मचारियों को भेजा जाएगा।

रोबो रेस में शिव-कृतिका प्रथम

■ NBT रिपोर्ट, राजेंद्र नगर

स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर में 30 और 31 जनवरी को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से तकनीकी कला संगम का आयोजन किया गया। इसमें एमाइस ऑफिस टूल्स (वर्ड एक्सेल पॉवर पॉइंट), एडवीएलएल और अटल लैब में स्टूडेंट्स निर्मित प्रोजेक्ट, क्विज, पेपर प्रेजेंटेशन और रोबो सहित 14 प्रतियोगिता हुईं। इसमें रोबो रेस प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। इस संगम में मेरठ प्रांत के 14 जिलों के 32 स्कूलों के लगभग 250 से अधिक स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। रोबो रेस में साहिबाबाद विद्या मंदिर से शिव और बालेराम विद्या मंदिर मेरठ से कृतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

देवर्श मिस्टर, सांची बनी मिस DMPS

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : गाजियाबाद के दीप मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें मिस्टर डीएमपीएस देवर्श राठी और मिस डीएमपीएस सांची देववानी को चुना गया। इस मौके पर जूनियर विंग के बच्चों ने सीनियर्स के लिए कार्ड बनाए और साथ ही उनके लिए गाने भी गाए। सीनियर स्टूडेंट्स ने कहा कि हमें इस स्कूल की बहुत याद आएगी। क्लास 12वीं के स्टूडेंट्स ने टीचर्स के लिए गाना गाया और एक प्रस्तुति दी। इस दौरान प्रिंसिपल डॉ. पी कुमार मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हैकथॉन में 300 स्टूडेंट्स दिखाएंगे प्रतिभा

शनिवार को राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन 'स्नैहैक-आईपीईसी' का भव्य शुभारंभ

■ NBT रिपोर्ट, साहिबाबाद

तकनीकी नवाचार और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार को 24 घंटे के राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन 'स्नैहैक-आईपीईसी' का भव्य शुभारंभ हुआ। देशभर से 2,000 से अधिक स्टूडेंट्स ने पंजीकरण कराया, जिनमें से चयनित 85 टीमों के लगभग 300 प्रतिभागी मुख्य प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। हैकथॉन में स्थानीय तकनीकी संस्थानों के साथ-साथ आईआईटी और अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र भी शामिल हैं। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए शीर्ष तीन टीमों को कुल 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

स्टेम सेल डोनेशन के बारे में बताया

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम : इंदिरापुरम के यशोदा मेडिसिटी ने स्टेम सेल डोनेशन को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से #AMatchThatSavesLives नाम से विशेष अभियान चलाया। इस पहल में आसपास की सोसायटियों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

अस्पताल मैनेजमेंट टीम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह समझाना था कि एक साधारण ब्लड स्वाब टेस्ट के जरिए कोई भी व्यक्ति जीवनरक्षक स्टेम सेल डोनर बन सकता है। यहां मौजूद हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कि ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, थैलेसीमिया जैसे गंभीर रक्त विकारों से पीड़ित मरीजों के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट अक्सर एकमात्र इलाज होता है, लेकिन 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को परिवार में उपयुक्त डोनर नहीं मिल पाता।

Advertorial, Entertainment
Promotional Feature

Enterटेनमेंट masalamix

फ्लिपराची के गाने Fa9la ने बनाया वर्ल्ड रेकॉर्ड

'धुरंधर' से भारत में वायरल हुए सिंगर फ्लिपराची के गाने Fa9la ने गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया। इसने बिलबोर्ड्स अंबिया चार्ट्स में टॉप किया है। फ्लिपराची ने कहा, 'गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड क्या शानदार है। यह दूसरी भाषा में भी बहुत पॉपुलर हुआ है।'

2026 में OTT पर चलेगा 'रिएलिटी का राज'

उमा सिंह

एंटरटेनमेंट की दुनिया में नॉन फिक्शन या रिएलिटी शोज का अपना बड़ा प्रशंसक वर्ग रहा है। इसलिए अब टीवी के साथ-साथ ओटीटी प्लैटफॉर्म भी रिएलिटी शोज पर बड़ा दांव खेल रहे हैं। आलम यह है कि नए साल 2026 की शुरुआत में ही ओटीटी और छोटे पर्दे पर करीब आधा दर्जन रिएलिटी शोज सुर्खियों में छाए हुए हैं। इनमें रिलेशनशिप और सर्वाइवल आधारित मनोरंजक रिएलिटी शो से लेकर किचन और विजनेस पर केंद्रित किस्मत पलटने वाले रिएलिटी शोज तक शामिल हैं।

अक्षय और सुनील शेट्टी बदलेंगे किस्मत

इस साल के नए रिएलिटी शोज में सबसे ज्यादा चर्चा अक्षय कुमार की होस्टिंग वाले शो डील ऑफ फॉर्च्यून की है, जिसमें अक्षय पहिया घुमाकर प्रतियोगियों की किस्मत पलटेंगे। वर्ड-पजल पर आधारित सोनी लिव और सोनी एंटरटेनमेंट के इस गेम शो में प्रतियोगी सही जवाब देकर बड़ी धनराशि जीत सकते हैं। यह अमेरिका के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो का देसी वर्जन है। 40 से ज्यादा देशों में एडाप्ट हो चुके इस शो का नाम दुनिया के सबसे पॉपुलर गेम शो के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स तक में दर्ज है। इसी तरह, एमेजोन एमएक्स प्लेयर के रिएलिटी शो भारत के सुपर फाउंडर्स में ऐक्टर सुनील शेट्टी नए और उभरते आंत्रप्रेनोर्स को अपनी किस्मत बदलने का मौका दे रहे हैं। इस शो में नए स्टार्टअप फाउंडर्स अपने यूनीक बिजनेस आइडिया से जजेज को प्रभावित करके बड़ा इनवेस्टमेंट हासिल कर सकते हैं। यह सोनी के कामयाब रिएलिटी शो शार्क टैंक इंडिया की ही तरह है जिसका सीजन 5 हाल ही में शुरू हुआ है। इनके अलावा, प्राइम विडियो पर बीते साल के हिट रिएलिटी शो द ट्रेटर्स का दूसरा सीजन भी इस साल आ सकता है।

50 दिन की कैद में रहेंगे 50 जाने-माने सितारे

इस साल के रिएलिटी शोज में जियो हॉटस्टार के रिएलिटी शो द 50 भी सुर्खियों में है। सलमान खान की होस्टिंग वाले शो बिग बॉस की तर्ज पर इसमें भी 50 जाने माने सिलेब्रिटी 50 दिन के लिए एक आलीशान महल में कैद रहेंगे। बस अंतर यह है कि यहां प्रतियोगियों को घर के काम नहीं करने होंगे, सिर्फ अपना दिमाग चलाना होगा और गेम में बाजी मारनी होगी। शो में शिव ठाकरे, करण पटेल, मोनालिसा, उनके पति विक्रांत सिंह, मिस्टर फैसू, दिव्या अग्रवाल, शाइनी दोशी, रिद्धि डोगरा, उर्वशी ढोलकिया, मिस नरुल्ला, गुफिका चौधरी जैसे कलाकारों की एंट्री हो चुकी है। इन नए शोज के अलावा, मास्टरशेफ, रिप्लेट्सविला जैसे पुराने हिट शोज के नए सीजन भी इस साल दर्शकों का दिल जीतने आ चुके हैं। सोनी लिव पर मास्टरशेफ इंडिया का 9वां सीजन चल रहा है, तो जियो हॉटस्टार पर करण कुंद्रा और रानी लिखोनी डेटिंग रिएलिटी शो रिप्लेट्सविला का 16वां सीजन लेकर आ चुके हैं। खास बात यह है कि ये शोज ओटीटी के साथ-साथ टीवी पर भी दर्शकों को लुभाएंगे। टीवी पर इन शोज को बड़ी संख्या में दर्शक मिलते रहे हैं। अब ओटीटी पर यह हो रहा है।

इनका है इंतजार

- जियो हॉटस्टार : द फिफ्टी, रिप्लेट्सविला 16
- सोनी लिव: डील ऑफ फॉर्च्यून, मास्टरशेफ इंडिया 9, शार्क टैंक इंडिया 5
- प्राइम विडियो: द ट्रेटर्स 2 (संभावित)
- एमेजॉन एमएक्स प्लेयर: भारत के सुपर फाउंडर्स

मूवी रिव्यू कॉर्नर

जावेद जाफरी चमके, पर फिल्म रही फीकी

Upma.Singh@timesofindia.com

लोकप्रिय पर आधारित तुंबाड जैसी शानदार पीरियड हॉरर फिल्म के निर्देशक अनिल राही बर्वे 8 साल बाद अपनी अगली फिल्म मयसभा: द हॉल ऑफ इल्यूजन लेकर आए हैं। यह फिल्म कुछ मायनों में तुंबाड की याद भी ताजा करती है, क्योंकि इसकी दुनिया भी सोना और इंसानी लालच के इर्द-गिर्द ही बुनी गई है। इसके बावजूद यह तुंबाड वाला असर नहीं छोड़ पाती।

एक रात की यह कहानी एक जर्जर अवस्था में पड़े सिनेमा थिएटर मयसभा में घटती है, जहां गुजरे जमाने का एक मशहूर फिल्म निर्माता परमेश्वर खन्ना (जावेद जाफरी) अपने बेटे वासुसेन उर्फ वासु (मोहम्मद समद) के साथ रहता है। मानसिक तौर पर टूट चुका परमेश्वर अजीबोगरीब बर्ताव करता है। हमेशा मच्छर भगाने के लिए धूआं करता रहता है, बेटे के साथ अक्सर हिंसात्मक हो जाता है, जिसके चलते वासु हेलमेट लगाकर रखता है। एक दिन पिता की मार खाकर भागे वासु को रावरना (दीपक दामले) और उसकी बहन जीनत (वीणा जमकर) मिलती है, जिसे वह अपने घर वाली थिएटर में दावत पर बुलाता है। वासु उन्हें ये भी बताता है कि उसके पिता परमेश्वर ने थिएटर में 40 किलो सोना छिपाकर रखा है, लेकिन कहां, वो भूल गया है। रावरना और जीनत उसी सोने की लालच में वहां आते हैं, मगर क्या वे अपने मकसद में कामयाब हो पाते हैं? यह कहानी धीरे-धीरे अनफोल्ड होती है।

अनिल राही बर्वे की ही लिखी इस कहानी की दुनिया तुंबाड की तरह ही रोचक और कई राजों को समेटे हुए है जो एक के बाद एक खुलते हैं। एक जीर्ण-शीर्ण थिएटर, धूएं की धुंध, अजीबोगरीब किरदार और सोने का राज कहानी में रंग बनाए रखता है। ये माहौल कहीं न कहीं परमेश्वर के गड़मड़ दिमाग की परछाई भी है। कहानी धन-दौलत के मायने, उसकी कीमत, इंसानी नीयत, लालच जैसे मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी उकेरती है। इस पर टीओपी कुलदीप मनोनिया का कैमरा किरदारों की गंजदारी और माहौल के टेक्शन को बनाए रखने में मददगार साबित होता है। लेकिन बर्वे के ये किरदार और उनकी कहानी विश्वसनीय नहीं लगती। उनसे जुड़ाव महसूस नहीं होता, जिसके चलते उनका प्रभाव कम हो जाता है। कई सवालों के जवाब भी नहीं मिलते। जैसे, जीनत को परमेश्वर के राज कैसे पता चलते हैं? आखिर में एक अधूरापन महसूस होता है, क्योंकि अनिल बर्वे ने फिल्म को एक रोमांचक दुनिया भले रची, लेकिन उसे दमदार अंजाम नहीं दे पाए हैं। हालांकि ऐडिटिंग के मामले में जावेद जाफरी ने कमाल का काम किया है। उन्होंने परमेश्वर खन्ना की अजीबोगरीब मनोदशा को पूरी संजीदगी से निभा है। दीपा जमकर भी शातिर जीनत के रूप में जमें हैं। वहीं, मोहम्मद समद की मासूमियत लुभाती है। कम सीन के बावजूद दीपक दामले भी प्रभावी है।

फिल्म

मयसभा : द हॉल ऑफ इल्यूजन

रेटिंग ★★½☆☆

निर्देशक: अनिल राही बर्वे
कलाकार: जावेद जाफरी, वीणा जामकर, दीपक दामले, मोहम्मद समद आदि।
अवधि: 1 घंटे 40 मिनट
जॉनर: साइकोलॉजिकल थ्रिलर

क्यों देखें
अलग तरह का सिनेमा देखने के शौकीन एक बार देख सकते हैं।

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 01-02-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAFP User: cci Time: 01-31-2026 23:01 Color:

लोकल कारीगरों को मिलेगी ग्लोबल पहचान : उपराष्ट्रपति

P3

NBT
गाज़ियाबाद THA Times
OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाज़ियाबाद । रविवार, 1 फरवरी 2026

सड़क पर जलभराव, पगडंडी से निकाली शवयात्रा

P3

Today PRIME CHAI
MAHA BACHAT OFFER
FREE 4g ELAICHI worth ₹ 20/-
250g Chai worth ₹ 100/-* के साथ FREE 4g ELAICHI worth ₹ 20/-*
Normal pack also available
*Inclusive of all taxes
TODAY TEA LIMITED
SHARMAD

NBT से जुड़ें
अपने सेक्टर, सोसायटी, कॉलोनी, स्कूल-कॉलेज या संस्थान से जुड़ी कोई खबर एनबीटी तक पहुंचाना चाहते हैं तो 9266462955 पर वॉट्सऐप करें। QR कोड स्कैन करके भी मेसेज भेज सकते हैं। अपना और इलाके का नाम लिखें। शुरुआत में #GZB लिखें।

हेल्पलाइन नंबर 24/7

पुलिस कंट्रोल रूम
0120-2820758
ट्रैफिक कंट्रोल रूम
9643322904
नगर निगम गाजियाबाद हेल्पलाइन नंबर-टोल फ्री नंबर
1800 1803 012
डिप्टी मेयर इमरजेंसी
9193320115
डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल इमरजेंसी
8826294546
फायर कंट्रोल
0120-2777102
9454418348

फटाफट खबरें

स्ट्रीट डॉग पर तेजाब फेंकने का आरोप

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना हापुड़ क्षेत्र की पॉश कॉलोनी में स्ट्रीट डॉग पर तेजाब फेंकने व जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए लोगों ने डीएम से शिकायत की है। डीएम को दी शिकायत में मुहल्ला पटेल नगर निवासी धीरज शर्मा ने बताया कि रात के अंधेरे में कोई सख्स कुत्ते के बच्चे पर तेजाब डाल देता है। इससे कुछ बच्चे की मौत भी हो गई है। इतना ही नहीं कुत्ते को खाने में जहरीला पदार्थ देकर मारा जा रहा है। कई कुत्ते तेजाब डलने से गंभीर रूप से झुलसे हुए हैं। मोहल्ला निवासी हरीश अग्रवाल ने घटना को लेकर कोर्ट में वाद दायर किया है।

मरम्मत के चलते आज 4 घंटे का शटडाउन

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : बिजली निगम की ओर से रविवार को इंडस्ट्रियल एरिया और अन्य इलाकों में मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसे लेकर महाराजपुर, इंदिरापुरम, साइट चार और साहिबाबाद का कुछ इलाका प्रभावित रहेगा। बिजली निगम की टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि 33 केवी की लाइन पर तारों को बदलने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही 11केवी फीडर पर भी मरम्मत कार्य होगा। इसके चलते सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक की सप्लाई बाधित रहेगी। शटडाउन लेकर काम किया जाएगा।

वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : सिहानी गेट थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दौलतपुरा स्थित भाटिया मोड़ के रहने वाली सजीत ने शिकायत में बताया कि 28 जनवरी को रात करीब पौने 11 बजे उनके बड़े भाई संजय कुमार जैसे ही वह राकेश मार्ग रेड लाइन पार करके एसबीआई बैंक के पास पहुंचे, किसी वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

हमारा पता
एनबीटी गाजियाबाद
13/1, साहिबाबाद
इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-4
email: nbtreader@timesofindia.com

50 रुपये के विवाद में चाकू घोंपकर 2 दोस्तों की हत्या

खाना देरी से मिलने के कारण बिल कम देने पर की वारदात

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

खोड़ा में एक ढाबे पर भोजन के 50 रुपये कम देने को लेकर होटल कर्मचारी और 3 युवकों में कहासुनी हो गई। तीनों युवक खाना खाकर थोड़ी दूर निकले ही थे कि होटल संचालक ने अपने 4 कर्मचारियों के साथ चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक युवक और एक 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। मामले में होटल संचालक समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने ढाबा संचालक को हिरासत में लिया है।

मूलरूप से बहराइच के रहने वाले 23 वर्षीय श्रीपाल अपने परिवार के साथ दादरी में रहते थे। उनकी खोड़ा में ही बाइक रिपेयर की दुकान है। उनके पास ही मूलरूप से बिहार के रोहतास का रहने वाला 16 वर्षीय सत्यम भी काम सीखता था और स्विंकट फैक्ट्री में नौकरी करता थे। शुक्रवार रात में करीब 9 बजे श्रीपाल अपने दोस्त अनुराग और सत्यम के साथ वैष्णो ढाबे पर भोजन करने गए थे। ढाबे पर खाना बनने में काफी टाइम लग रहा था जिस कारण युवकों ने बिल के 50 रुपये कम दिये, इस पर ढाबा कर्मचारी नागेश के साथ श्रीपाल की कहासुनी हो गई, जिसके बाद दोनों में हाथापाई भी हुई। तीनों ढाबे से निकलकर गली में खड़े हो गए, तभी होटल कर्मचारी नागेश, राजन, विशेष और विशेष के चचेरे भाई सूरज के साथ मिलकर होटल संचालक ने उन पर चाकू, लाठी और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में तीनों लहूलुहान होकर आधे घंटे तक वहीं पड़े रहे। कुछ देर बाद लोगों ने उन्हें दिल्ली के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने श्रीपाल और सत्यम को मृत घोषित कर दिया और अनुराग को जेटीबी रेफर कर दिया। सूचना पर 3 थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। श्रीपाल के भाई गोपाल की शिकायत पर पुलिस ने धमेंद्र, नागेश, राजन, विशेष और सूरज के खिलाफ केस दर्ज कर धमेंद्र को हिरासत में लिया है।

इसी ढाबे पर आए थे युवक

इसी जगह पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया

मां को दोपहर तक बेटे की मौत का पता नहीं चला

16 वर्षीय सत्यम अपनी मां और भाई के साथ खोड़ा के वंदना विहार में रहते थे। पिता तुलसी सिंह का दो महीने पहले सड़क हादसे में पैर टूट गया था, जिसके बाद वह बिहार चले गए। उधर सत्यम की मौत होने की जानकारी नहीं थी। वह दोपहर तक लोगों से सत्यम के हालचाल की जानकारी लेती रही, लेकिन दोपहर बाद सत्यम की मौत की जानकारी पाकर वह बेसुध हो गई।

मृतक सत्यम

11 मार्च को होनी थी श्रीपाल की शादी

11 मार्च को श्रीपाल की शादी होने वाली थी। पूरे परिवार में खुशनुमा माहौल था। परिवार तैयारियों में जुटा था। श्रीपाल के भाई गोपाल ने बताया कि रात में घटना की सूचना मिलने पर वह अस्पताल पहुंच गए थे, जहां उन्हें पता चला कि भाई की मौत हो चुकी है। परिवार श्रीपाल के शव को अंतिम संस्कार के लिए दादरी ले गया।

मृतक श्रीपाल

ढाबा संचालक और 4 कर्मचारियों ने 3 दोस्तों पर चाकू से किया हमला, एक खतरे से बाहर, शुक्रवार रात 10 बजे हुई वारदात

आधे घंटे तक सड़क पर ही पड़े रहे घायल, किसी ने नहीं की मदद, मृतकों में एक नाबालिग भी

फौंद, नागेश, राजन, विशेष और सूरज के खिलाफ केस दर्ज कर ढाबा संचालक को हिरासत में लिया

घटना के बारे में कोई बोलने को तैयार नहीं

दिल्ली के कारण मार्केट के पास ही खोड़ा बॉर्डर पर काफी भीड़ रहती है। होटल के पीछे की ओर आवासीय कॉलोनी है। वारदात आवासीय कॉलोनी की गली में हुई। वारदात के बाद लगभग आधे घंटे तक तीनों लहूलुहान हालत में गली में ही पड़े रहे। कॉलोनी में रहने वालों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान किसी ने डायल-112 पर फोन किया, जिसके बाद मौके पर 3 थानों की फोर्स घटनास्थल पर पहुंची। घटना के बाद से आसपास रहने वाले लोगों ने चुप्पी साध ली और कोई भी घटना के बारे में बोलने के लिए तैयार नहीं था।

"श्रीपाल के परिजनों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए हमारी की पहचान की जा रही है। - अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी, इंदिरापुरम

दोस्त की प्रॉपर्टी के डॉक्युमेंट पर लिया 12 करोड़ का लोन, FIR

बैंक ने संपत्ति कब्जे में ली तब पीड़ित को इसकी जानकारी मिली

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

इंदिरापुरम में दोस्त की प्रॉपर्टी के कागजात पर धोखाधड़ी से 12 करोड़ रुपये का लोन लेने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दोस्त के कहने पर पीड़ित ने प्रॉपर्टी के मूल पेपर उसके बैंक लॉकर में रख दिए। बैंक की मिलीभगत से आरोपी ने उनकी प्रॉपर्टी पर 12 करोड़ का लोन ले लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

दिल्ली के शकरपुर निवासी मंजीव कुमार त्यागी ने बताया कि ठेकेदारी के मयूरी स्थित किशनपुर निवासी राजीव त्यागी से उनके व्यापारिक संबंध व अच्छी दोस्ती है। 28 मई 2012 में उन्होंने शक्तिखंड स्थित एक में मूखंड खरीदा था। इस पर आवासीय इमारत बनाकर उसे किराये पर दे दिया। संपत्ति के मूल दस्तावेज उन्हीं के पास थे। कुछ साल पहले राजीव त्यागी ने उन्हें बैंक में अपने लॉकर होने की बात बताई और उसमें संपत्ति के दस्तावेज सुरक्षित रखने को कहा। मंगेश में आकर उन्होंने शक्तिखंड स्थित संपत्ति के दस्तावेज आरोपी के बैंक लॉकर में रखवा दिए। आरोपी ने दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर निजी बैंक से करीब 12 करोड़ रुपये का लोन पास करा लिया। इसके बाद लोन चुकाया भी नहीं। जब बैंक ने उनकी संपत्ति अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू की तब उन्हें इसकी जानकारी हुई। छानबीन करने पर फर्जीवाड़े की बात सामने आई। उन्होंने कोर्ट में वाद दायर कराया। नहीं न्यायालय ने इस लोन को शून्य कर दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब कोर्ट में केस दर्ज कराने की अर्जी लगाई। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को नोटिस भेजने की प्रक्रिया चल रही है। आरोपी बयान दर्ज कराने नहीं आता है तो गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

AI Image

धोखाधड़ी

■ पीड़ित ने प्रॉपर्टी के मूल पेपर दोस्त के लॉकर में रखे थे, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

फॉग के कारण हिंडन से नांदेड़ की फ्लाइट कैंसल

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : गाजियाबाद में सुबह घने कोहरे का असर फ्लाइट और परिवहन निगम की बसों पर दिखा। एक तरफ जहां बसें डिपो से लेट चलीं, वहीं हिंडन एयरपोर्ट से नांदेड़ जाने वाली फ्लाइट कैंसल कर दी गई। इसके अलावा कई अन्य रूट पर चलने वाली फ्लाइट भी देरी से उड़ीं। स्टार एयर की फ्लाइट जो नांदेड़ के लिए उड़ान भरती है उसे कैंसल करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि नांदेड़ से ही इस फ्लाइट ने समय से उड़ान नहीं भरी, जिस कारण फ्लाइट कैंसल करना पड़ा। जबकि इंडिगो की फ्लाइट जो कोलकाता और मुंबई के लिए उड़ान भरती है, 20 से 30 मिनट की देरी से उड़ी। हिंडन एयरपोर्ट निदेशक डॉ. विलका महेश ने बताया कि वॉट ऑवर शनिवार को जल्दी समाप्त होता है, इस कारण फ्लाइट कैंसल करना पड़ा।

SIR अभियान में दिखीं अव्यवस्थाएं, BLO के पास फॉर्म ही नहीं थे

6 फरवरी को बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म कलेक्ट करेंगे

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के तहत लगाए गए कैंपों का जब NBT ने जायजा लिया तो कई तरह की अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। केंद्रों पर चुप लेवल ऑफिसर (बीएलओ) तैनात तो थे, लेकिन उनके पास बुनियादी सुविधाओं का अभाव था। सबसे बड़ी समस्या फॉर्म कमी की रही, जिसके चलते लोग बाहर से फोटो स्टेट करवाकर फॉर्म लाने को मजबूर हुए। अधिकारियों ने बताया कि विशेष कैंप खत्म हो गया है। अब 6 फरवरी को बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म कलेक्ट करेंगे।

कविनगर : दोपहर करीब 12 बजे। यहां पर लोग फॉर्म लेने के लिए आ रहे थे। बीएलओ के पास कुछ ही फॉर्म थे। लोगों के मांगने पर वह कहते दिखे कि इसका फोटोस्टेट करवा लेना। फिर उनका फॉर्म वापस कर देना। इस वजह से पब्लिक को यहां पर परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा कई लोग सही से फॉर्म भर नहीं पा रहे थे तो उनकी मदद करने वाला कोई नहीं था।

गोविंदपुरम : दोपहर करीब एक बजे, कैंप में आए नागरिकों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना पहचान और निवास के कागजात को लेकर करना पड़ा। अब मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं बनता है, उसकी जगह सामान्य निवास प्रमाण पत्र जारी होता है, जिसे कैंप में अक्सर वैध मानने से इनकार किया जा रहा था। इसके अलावा 2003 के वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिलने की वजह से लोग बहुत अधिक परेशान थे।

शास्त्री नगर: दोपहर करीब 2 बजे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और राशन कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज होने के बावजूद तकनीकी खामियों के कारण लोगों के आवेदन स्वीकार नहीं हो पा रहे थे। कैंप में सबसे ज्यादा भ्रम नागरिकता के सवालों को लेकर रहा। 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे वाले लोगों को केवल अपना एक पहचान प्रमाण देना है। 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे लोगों ने अपना प्रमाण पत्र तो देना ही है, साथ ही अपने माता या पिता में से किसी एक का जन्म प्रमाण या पहचान पत्र देना अनिवार्य है। 2 दिसंबर 2004 के बाद वाले आवेदकों को कुल तीन प्रूफ देने होंगे। अपना, अपनी माता का और अपने पिता का। इस वजह से उलझन बनी हुई थी।

NBT पड़ताल

"बीएलओ के पास फॉर्म खत्म होने की कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि मिली होती तो तत्काल सेंटर पर फॉर्म पहुंचाने का काम किया जाता है। -रुक्मेश भट्ट, जिला उप निर्वाचन अधिकारी

'गला दबा मां को मारे घूंसे', अरेस्ट

CCTV देखकर अमेरिका से बेटी ने पुलिस को दी शिकायत

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

मधुबन-चापूध्राम थाना क्षेत्र के संजय नगर सेक्टर-23 जागृति विहार से इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेटा अपनी ही बीमार मां को बेरहमी से पीटता दिख रहा है। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वहीं, बेटी ने अमेरिका से गाजियाबाद पुलिस को मामले की शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

जागृति विहार के मकान संख्या-22 में निशांत ठाकुर नाम का युवक अपनी बीमार मां के साथ रहता है। शराब पीकर आए दिन हंगामा करता है। निशांत की बहन निशा अमेरिका में रहती है। मां की बीमारी और निशांत की हरकतों को देखते हुए उसने घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए हुए हैं। दो दिन पहले निशा ने घर की सीसीटीवी फुटेज चेक की तो देखा कि निशांत मां को मार रहा है। निशांत नशे में धुत नजर आ रहा है। वे कभी अपनी मां का गला दबा रहा है तो कभी उन पर घूंसे बरसा रहा है। निशा ने देखते ही तुरंत इस विडियो को यहां जागृति विहार में पड़ोसियों को भेजा और मदद की गुहार लगाई। पड़ोसियों ने तुरंत इस विडियो को सेक्टर-23 पुलिस चौकी में दे दी।

बीमार मां को पीटता आरोपी

नशा मुक्ति केंद्र में था

निशात 2025 में नशा मुक्ति केंद्र नोएडा में भर्ती था। कुछ महीने पहले ही वापस घर पर आया है। पिता हिसिपल से रिटायर्ड थे। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोई परिचित शिकायत नहीं देता तो पुलिस स्वयं मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजती।

पत्नी व ससुराल वालों ने मांगे ₹3 करोड़, पति ने खाया ज़हर

पति के साथ नहीं रहना चाहती है महिला

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक शख्स ने अपनी बहू पर 3 करोड़ रुपये मांगने और रकम न देने पर फर्जी मामलों में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कहा कि बहू और उसके मायके वालों की प्रताड़ना से तंग आकर बेटे ने जहर खा लिया। उसका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसने एक नोट में आरोपियों के नाम का जिक्र है।

सुशांत एक्वांटेलिस अंसल में निवासी मोहम्मद आबिद ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे आमिर की शादी एक फरवरी 2021 को गुलशनंग काली नदी रोड बुलंदशहर निवासी मुम्दाया से की थी। शादी के बाद से ही बहू बेटे के साथ रहना नहीं चाहती थी। इससे नाराज होकर बहू मायके चली गई। वहां पर उनके और उनके दामाद के खिलाफ 17 जुलाई 2025 में एक झूठा केस दर्ज कराया। इसे जांच के बाद पुलिस ने एक्सपंज कर दिया। कोतवाली बुलंदशहर में बहू ने अपने भाई अनवर से दूसरा केस दर्ज कराया। इसमें भी पुलिस ने एक्शन चल रहा है। बहू, अनवर, इदरीश और इरशाद उनके बेटे से 3 करोड़ की डिमांड कर रहे हैं। न देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। इससे तनाव में आकर उनके बेटे ने 29 जनवरी 2026 को जहर खा लिया। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

बेटे पर अलग रहने का दबाव बना रही बहू, वह ऐसा नहीं चाहता है

कहीं धुंध तो कहीं राहत आज बारिश के आसार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

शनिवार की सुबह शहर का एक हिस्सा कोहरे की चादर में लिपटा रहा, तो दूसरे हिस्से में दृश्यता काफी बेहतर रही। स्थिति यह थी कि हापुड़ चुंगी से पुराने बस अड्डे की तरफ कोहरा बिल्कुल नहीं था, जिससे वाहन चालकों को काफी राहत मिली। जैसे ही लोग हापुड़ चुंगी से डासना की तरफ बढ़े, उन्हें घने कोहरे का सामना करना पड़ा। यही हाल डीएमई पर भी देखने को मिला। हाइवे पर विजिबिलिटी कम होने की वजह से वाहनों की रफ्तार सुस्त पड़ गई।

मौसम विभाग के ताजा अनुमान ने चिंता और बढ़ा दी है। रविवार को शहर में मौसम का मिजाज और बिगड़ सकता है। तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई है, जिससे ठिठुरन बढ़ सकती है। तापमान की बात करें तो शनिवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया। ठंड के साथ-साथ शहर की हवा भी जहरीली बनी हुई है। शनिवार को गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 313 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है।

NH-9

सावधान शहर के 78 चौराहों और मुख्य रास्तों पर हाई-डेफिनिशन कैमरे लगाए गए, यातायात नियम तोड़ने पर लगेगा जुर्माना

ITMS शुरू, पहले ही दिन बिना हेलमेट का चालान

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

आखिरकार कई बार डेडलाइन बढ़ने के बाद शनिवार को शहर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) की शुरुआत हो गई। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने नगर निगम स्थित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) कंट्रोल रूम और विजय नगर के नवनिर्मित जोनल ऑफिस का निरीक्षण किया। उद्घाटन के दिन ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर शहर में पहला चालान भी किया गया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि शहर में ITMS के जरिए यातायात पर नजर रखी जा रही है। शनिवार को पहले दिन हापुड़ चुंगी ट्रैफिक सिग्नल पर बिना हेलमेट के चल रहे स्कूटी सवार का चालान काटा गया। अब ट्रैफिक नियम का उल्लंघन पाया गया तो चालान कट जाएगा। इस पूरे प्रोसेस्ट पर करीब 53 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसके मेंटेनेंस पर ही सालाना 14.4 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। शहर के ट्रैफिक को स्मार्ट बनाने के लिए इसमें कई हाई-टेक चीजें जोड़ी गई हैं। इस मौके पर मेयर सुनीता दयाल, डीएम रविंद्र कुमार मांदड़, सीडीओ अभिनव गोयाल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिले में 3 हजार कैमरे

पूरे शहर के 78 चौराहों और मुख्य रास्तों पर हाई-डेफिनिशन कैमरे लगाए गए हैं। हापुड़ चुंगी, मोहन नगर, सीमापुरी बॉर्डर, तुलसी निकेतन, नंग झंग, एलिवेटेड रोड, मेरठ तिराहा और लाल कुआं जैसे व्यस्त इलाकों को कवर किया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि जिले में 3 हजार से अधिक कैमरे लगाए गए हैं, जो हर तरफ नजर रखेंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख ने जोनल ऑफिस का किया निरीक्षण

ऐसे काम करता है ITMS

ऑटोमैटिक डिटेक्शन: जैसे ही कोई वाहन लाल बत्ती पार करता है, जेब्रा क्रॉसिंग लाइन तोड़ता है या बिना हेलमेट/सीटबेल्ट के पाया जाता है, कैमरे तुरंत उसकी फोटो और वीडियो कैप्चर करते हैं।

डेटा एनालिसिस: यह सिस्टम वाहन के नंबर प्लेट को स्कैन करता है और सीधे परिवहन विभाग के साथ ही ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट भेजता है।

जीवन साथी

दिल का रिश्ता

वधू चाहिए

जाति आधारित

अग्रवाल-बिसा

JAIN boy, B.Tech, Jun 97/6'2', Wrkg @Google, B'lore, Earns 8 digit, Father Senior Govt Officer, Settled in NCR. Seeks Working Girl. 9810939402

SUITABLE Aggarwal match for 40/170/MS PhD wrkg in US will come back & stle in India Delhi based fmly. M: 7042604305, Em: kpvaish@gmail.com

WANTED, Homely, Below 28 Years Girl, For Bisa Agrawal Engineer Boy From Affluent Family,65 Lpa,Whatsapp: 9068800328.

SUITABLE Match for Bansal N/M, 14.03.91 / South Delhi / 5'10" / M.B.A. boy, Well settled Export Business. +9810279505/ 9968069230

PQM4 H'some, B.Tech, MS CS, Agarwal Boy, 29/5'10", well edu Delhi fmly,wkg MNC Gurgaon, Seeks Veg Agarwal girl. Broker excuse. 9910466019, 7042550564

AGGARWAL Boy based in New Delhi (Punjabi Bagh). Family business of Iron Steel, 5,11", Fair, 29 Year old, Non-Manglik, Bcom (H) & MBA. Seeking well educated girl from business family. Contact: 9 8 1 0 2 6 1 0 4 , aggarwalraghav53@gmail.com

PQM 4 Garg boy 1-3-94/FBD / 5'6.5" / B.Tech MBA (IMT Ghd) 50Lpa/Blr pref B.Tech MBA/CA rptd Univ pref rptd fmly + 9811171183, 9899970426

SM4 5'11" Garg 7-02-1987, 6:30am Faridabad never married BE + MBA H'ness veg TT boy of Rptd family +7678176115 /9899577992.

PQM4 H'some, B.Tech (IIT), M.S, Ph.D (USA), Mittal Boy, Aug'92/ 5'8", Wkg MNC 8L.R, 70LPA well edu.Del-NCR fmly Early Marriage + 9354120509

B.TECH Agrawal bindal boy Fair H.some Oct 95/5'8' Wkg IT MNC Noida Soft Engr 25LPA. Father Business. Ami vaishya PQM Wkg accepted 9310082435.

ब्राह्मण

SM4 Delhi-based Brhmn Engg Boy 29/5'8"/18LPA,Wkg MNC, Non-Mglk,Veg,Pref Delhi-NCR Girl, Caste No Bar,Mob no - 9250147208

BRAHMIN Engineering Boy 27/5'5", Working in MNC, Gurugram, 14 LPA, Sandhalaya Gotra, Seeks a Beautiful girl. Contact: 9278983731, 9355487977

G.B, Kau, 39, Delhi, 57, BBA, MBA, CCNA, own house & flat B'ness, 8 to 10Lpa, father gov, retired, upper cast no bar, normal family, Cont 9896021977

PUNJABI Sr.Brahmin Sep 88 B.Tech (CS), 5'9" Veg, Wkg as Manager in German MNC Ggn, 48L, Never married seeks wkg girl pref.in NCR.WA 9958977190

SDO (Irrigation) in State Govt / Handsome Kayastha Boy 30/5'8", Seeks B'ful Edu, cultural girl, Father Chief Engineer (Retd) + 9622660214

SRIVASTAVA, 37/5'11" MBA (IMT) 33L, H'some boy. Divorced (No kids) Sr. Mgr MNC Noida, Seeks wrkg girl. Caste No bar. + 9312260717

PQ Wkg Girl 4 BTech,MBA, Saxena Boy NM/30/5'11/43 LPA.MNC Noida Owns car & Flat in NCR.All Upper caste OK. M 7070002252

WANTED bride for 27 y/o boy working in an MNC (only Mathur alliances solicited). Family is from Old Delhi, currently based in Bangalore. Contact 7838743889

LOOKING Suitable Match for Smart Fair boy, B.Tech, MBA, Manager in Reputed firm May 95/5'8" Contact No. 9412118016

SAX. boy Dr. M.D.S. 82/5'8" Reader, Lko Div, Own clinic/10 LPA, Pref. wkg. Beauty Excuse +7599622353, 9557942076

SM4 Kayastha boy 32/5'6/12 LPA/B. Tech works in MNC-Delhi seeks b'ful prof. Qual. working Girl based in NCR# 6397573564

खत्री

MATCH for Non-Mangalik, B.Tech, MBA, 13.12.87/5'10" boy 38 Lpa Noida/wrkg from home, Lucknow based pref.Khatri girl / upper cast. Call 9454056012

SM for Well Settled Delhi Based Punjabi Boy 5'11"/ 05-08-90 / 4.45 a.m., B.Tech, Running Own Business. Mob: 9811933021, 9873471911

क्षत्रिय

PQM RAJPUT, 30 yrs, 5'9", 32LPA, B.Com (SPPU), CWM (AAFM), charter from SEBI. Working with MNC, Mumbai. Wanted working, family-oriented bride. Ph: 8007771483

तमिल अय्यर

TAMIL Iyer Boy, B.E. (Delhi University) 5'11", 80kgs, 1997 born, Software Engineer-3, Bangalore, Kaundinya.-Chitra, Sect/subsect No bar Graduate/ Post-graduate/Pref. girl pref. Contact: 9899100554.

नॉर्थ इंडियन

PQM - JUNE94 -BTech-CSE 5'11",AGARWAL-Manglik, Wkg (Remote) in MNC 36LPA. Family based Jaipur. Caste no Bar Wtsap 8000844018

राजपूत

ALLIANCE Invited For Rajput Boy 25 Years/ 5'11"/ Govt. Engineer at Delhi. Girl should be Qualified. Contact: 9711925488, 8800530411

कार्य आधारित

डॉक्टर्स

MD /MS /CIVIL SERVICES Match for Smart Arora boy 1988 born 5'9" Pursuing MD Radiology. 9996985442

24/DEC1996,/6' MBBS, MD -Emergency Medicine final year MGMC Jaipur, seeking suit-able preferably medico match. M:- 9829075408

WELL stld match upto 43 yrs for Panchkula based never married PG doctor 1974/5'4", Contact 7973070110, 9914950258

Doctor(U.P.)c- 1/8/93,5'4" surgeon orthopaedic boy own hospital,father doctor,mother housewife, seeks doctor bride
9458704271,7017337989, 9412286706

PQM4 Manglik H.some Boy 30y/6'1" M.Pharma wkg in Global Co. at Ahmedabad UP based family seeks Agrawal gupta,vaishya girl 8707450429

GARG Boy never married 5-7", 17-12-1981, 11.17 am, Karnal, MCA, wrkg Bangalore, Pkg 20 Lakh, Residence AMBALA. : 9416753888

SM4 Handsome Jain Boy, August'96, 5'6", B.Tech (DTU). Well-established IT Entrepreneur, Delhi-NCR. Call / WhatsApp: 9711141546

AGRAWAL 1988 5'4"BTech MBA wkg 50Lpa Dy VP HDFC M'bai I'less Div seeks PQ Pref wkg unmarried/Less Div/ widow Parent Lko 7737638155

MBA Anshik Manglik Veg. Boy 28/ 6' / Family Business, Faridabad Bsd Family, Seeks Slim, Edu, Homely Veg Girl. Pref. Delhi NCR # 9135611137

For Tall Smart Gupta Boy, April'96, 5'10" MBA from ISB Hyderabad, BTech MNNIT Alld, Single Child of Upward Established Industrialist Family in Kanpur. Seeking Graceful, Well-educated, Grounded, Caring, Family-oriented Vegetarian Girl. NO marriage Bureau please.
Contact 9161452796

अग्रवाल

SMART Varshney (Vaishya) Manglik, 29/5'6", B.Tech from BITS Pilani, posted as IT Offer in Bank of Baroda, Mumbai seeks PQM. All Vaishy are invited. Send biodata on email: 1964manoj vs@gmail.com

VARSHNEY boy 44/5'7" PhD Mech Fair handsom, unmarried, HoD Engineering college thopal income 20 LPA. 9829545114

जाट

30/5'10 B.TECH- IIT MBA-IIM Sr Manager MNC 80 Lpa Father Govt .officer Caste No Bar No dowry + 9340082702 , 9179132579

बंगाली

GURGAON based Bengali Kayasthya Widower 33/5'8" BE MBA wkg Power Sector. Father Ex - NTPC Engr.Seek simple, graduate non wkg girl.Caste no bar. Ph 9968008263 after 11 am

SM4 Kayastha boy March 96/5'8" MBA AVP 35 LPA MNC working Mumbai. Family Lucknow based seeks educated wkng match 9415495593

पंजाबी

SEEKING smart NCR wrkg Girl For Fair H'some Punjabi Khatri Boy 34 / 178, B.Tech, Wrkg in MNC @ 36LPA. Caste no bar. Contact: 8800330608.

H'SOME, 95.6.20 pm, 5'8, CA, 30 LPA, Delhi, Father Business, Aggarwal & brahmin family accptd 9837279704 call time 11am-11pm

SEEKING PQM match for Punjabi Khatri boy, Sept 1993/5'5",CFA,MBA (IMT Ghaziabad), High-Paying Corporate Finance Job, Living in Toronto. Visiting India 31st. January, 2026. Dr. Madhok : 9897606172

NVR MRRD PNJBI KHATRI,H'SM 56yrs,6'1"
B.TECH (mech)
(ENGG.INDUSTRY) SEEKS
NVR MRRD GUD LKNG ED.GRL NT ABV
45yrs,DCENT FMLY
leomatch71@yahoo.in
W/ap:7838908220

धर्म आधारित

हिंदू

NI Brahmin Boy Reputed family 28/175 Athletic BS/ MS top US Univ wkg Top IT Co USA Green Card seeks PQM bride mridulanand@yahoo.com , All Hindus Welcome

SEEKING bride for 33-yr groom, fam biz, Delhi based, Hindu biz family. Dir. contact 9266627218. Mrg. bureaus pls excuse only.

मुस्लिम

WANTED sunni muslim bride for tall (6 feet),handsome ,fair ,MBA professional working in Bread financial company(Bangalore) as Analyst Model Executive, with income of 25 lacs p.a. The bride should be decent, beautiful,tall,fair (working/non working), muslim (caste doesn't matter). Contact 9162469352,9179795507

WELL settled, responsible and family oriented Sunni muslim boy 36,BTech professionally employed in Gurgaon seeks suitable match.Lucknow based family. Contact 7236058687 whtsapp 8400897661

सिख

SM4 Sikh Khatri boy, 31/5'10",B.Sc. Aviation, CPL, ATPL,Captain in Dubai based International Airline. Earns handsomely. Wapp- 9811033702

HANDSOME boy Sikh Ramgarhia 28/5'11 Delhi own house MBA wrkg MNC PKG 11 lakh seek working girl simple family. 88268 92800, 9818478926

वधू चाहिए - भाषा आधारित

बंगाली

GURGAON based Bengali Kayasthya Widower 33/5'8" BE MBA wkg Power Sector. Father Ex - NTPC Engr.Seek simple, graduate non wkg girl.Caste no bar. Ph 9968008263 after 11 am

SM4 Kayastha boy March 96/5'8" MBA AVP 35 LPA MNC working Mumbai. Family Lucknow based seeks educated wkng match 9415495593

पंजाबी

SEEKING smart NCR wrkg Girl For Fair H'some Punjabi Khatri Boy 34 / 178, B.Tech, Wrkg in MNC @ 36LPA. Caste no bar. Contact: 8800330608.

H'SOME, 95.6.20 pm, 5'8, CA, 30 LPA, Delhi, Father Business, Aggarwal & brahmin family accptd 9837279704 call time 11am-11pm

SEEKING PQM match for Punjabi Khatri boy, Sept 1993/5'5",CFA,MBA (IMT Ghaziabad), High-Paying Corporate Finance Job, Living in Toronto. Visiting India 31st. January, 2026. Dr. Madhok : 9897606172

BRAHMIN unmarried graduate groom 46/5'8" self employed / 4 LPA own house seeks Edu. bride widow/divorcee. 8958123667

EDU & Cultured b'ful girl shld be fmly oriented for tall,smart boy,6'1",Mar 97, MBA (Fin) working in top consltg firm. Retd. parents (Brhm+Rajput),own appt in N.Delhi. Wap 9891940033

MATCH Indian/Australian Bride for H'some, Sri Punjabi Boy, 20.10.1987/3:25pm, MBA/ Manglik. Settled in Australia. Caste no bar + 8860881787

SM4 H'some, tall Sindhi Sahiti boy, 32/6ft, Postgrad, wkg with reputed Pharma MNC in Gurgaon,seeks,educated,b'ful,wrkg girl Sindhi/Punjabi 9717834682

PQM4 H'some Jat Boy 30.11.96 / 5'11", B/Tech Marine Engg.. Wkng PIL Singapore Seeks profinl qulfd Bride/ 5'6" Good fmly Caste no Bar + 9811715219

SHARMA 39/5'10" Never married, Delhi based self employed boy. Seeks bride for suitable match. Send details W/App: 8448153541

Bride for 1989 born, VAISHYA, very handsome, 5'9", brilliant Engineer, Masters from USA, Holder of Green Card on criterion of extraordinary ability, worked for a decade in corporates, planning own global operations, father - ex senior bureaucrat, mother - practicing medical professional, settled in Delhi/NCR. Looking for a smart and decent looking girl, educated and settled or willing to settle anywhere, from decent family. Caste no bar.
Contact 9810047653
pkgirs84@gmail.com

SUITABLE MATCH FOR 1981 Born, Arora Boy, Non Manglik, 5'11", Never Married, South Delhi - Based Professional (BTech + MBA). High Package. Looking For A Working Girl, High Status, Well Settled And Cultured Family.
whatsapp. 9818311788

B'FUL Girl from affluent family for Punjabi H'some Boy 03.03.1998, 09.24 pm, Del /5'7" Engineer (DTU) , own Business from affluent fmly. 9910861173

"ARORA, BSc., Feb 92, 5'6", Non Mglk, H'some Boy printing b'ness in dhanaj, looking for educated cultured b'ful girl, + 9415030917"

Suitable Match For Clean Shaven, Bhatia Sikh Boy, 32 yrs/5'6", Reputed International Airline Pilot, 50 LPA, only single child, property worth above to 25 Cr. Seeks well educated cultured girl.
Send Bio-data What's app
9650777199

जर्नल

कास्ट नो बार (जाति का कोई बंधन नहीं)

BEAUTIFUL Lady, Slim, Educated, Aged 50 + Years for Canada NRI, Hindu, 40 Years Qlf 5'8" Handsome Divorcee. Caste No Bar. Mob:9818681964

PQM pref. IT, willing to relocate UK for Kayastha, 6', Feb '90, H/some, Sr. IT Professional. working Leading IT Co. London, Excellent. pkg. U/ c no bar. Contact: (W)9996319898

SEEKS working girl for BTech MBA Brahmin Boy 90/5'6.5" in health ministry Delhi CTC 22L M 9818903038,8368894428

JAISWAL boy 34/6' BTech business divorced issueless seeks educated girl pref West UP/UK/PB required family caste no bar 9412016001

चेन्ना बी.ए. बीएड टिचर 30 , दिव्यांग, बीच मध्येट भाइ है, 2 बिहार भगाता है, स्मार्ट सुन्दसुशील छोटा परिवार, समाझदार जीवन साथी चाहिए, जाति बंधन नही ! पूर्ण 9622595122

SM4 NCR-Based Khatri boy Aug87 / 5'8, B.Tech, WKG MNC Noida, 41 LPA, Father Retd. from IAF seeks Qual.Girl. (UC ONLY) - 8860475766, 9873725005)

PB Khatri khanna 1986 born boy Bachelor CA MBA working in top MNC as Director pkg 75 LPA looking Good Life partner caste no bar. + 9818227342

CHAURASIA 28/5'90", fair h'some, cons edu, B.Tech wrkg MNC Bangalore, 18 LPA Seeks SM edu bride frm good fmly + 9415212399, 9720678884

SM4 H'some B.A, LLB W. Std Boy 28/6'/8-10LPA Legal Profession in banking sector pref match from Delhi-NCR + 767860 2647 hbansal21560@gmail.com

चौधरी लड़की 45 yr 5'6" / 70 Kg उत्तम स्वास्थ्य स्वभाव इकलाख 8006/Wife Death/ चश्मा नहीं), शिक्षित कन्या घरेलू लड़की चाहिए घरेल कर्म विशेष करना 9868271248

BRAHMIN unmarried graduate groom 46/5'8" self employed / 4 LPA own house seeks Edu. bride widow/divorcee. 8958123667

EDU & Cultured b'ful girl shld be fmly oriented for tall,smart boy,6'1",Mar 97, MBA (Fin) working in top consltg firm. Retd. parents (Brhm+Rajput),own appt in N.Delhi. Wap 9891940033

MATCH Indian/Australian Bride for H'some, Sri Punjabi Boy, 20.10.1987/3:25pm, MBA/ Manglik. Settled in Australia. Caste no bar + 8860881787

SM4 H'some, tall Sindhi Sahiti boy, 32/6ft, Postgrad, wkg with reputed Pharma MNC in Gurgaon,seeks,educated,b'ful,wrkg girl Sindhi/Punjabi 9717834682

PQM4 H'some Jat Boy 30.11.96 / 5'11", B/Tech Marine Engg.. Wkng PIL Singapore Seeks profinl qulfd Bride/ 5'6" Good fmly Caste no Bar + 9811715219

SHARMA 39/5'10" Never married, Delhi based self employed boy. Seeks bride for suitable match. Send details W/App: 8448153541

हर आम भारतीय के लिए शादी सेवा हिंदी में
लड़कियों के लिए* बिल्कुल मुफ्त
Jodii
*शर्तें लागू
अभी ऐप डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play

कॉस्मोपॉलिटन

Dual MS from USA Punjabi Brahmin Boy, Jan'94/ 5'11" Slim, Fair, Smart, High income US-client consultancy from India. Parents engineers, factory in Noida. Seeks Tall, Slim, B'ful, Highly-edu career oriented girl below 30 yrs.
■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: साइबर ठगों ने आईजीएल का कर्मचारी बनकर एक शख्स को फोन किया और उसके खाते से 3.45 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर 30 जनवरी को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। थाना वेवसिटी क्षेत्र की वर्डिया सोसाइटी के टॉवर नंबर तीन में रहने वाले राजेंद्र कुमार चौपड़ा ने बताया कि 19 दिसंबर को जालसाज ने फोन किया था। आरोपी ने उनके गैस संबंधित मीटर के बारे में बातचीत की। उसने एक लिंक भी भेजा। बताया कि उस पर क्लिक करने के बाद वह कुछ चीजों को अपडेट कर सकेगा। उस नंबर पर कॉल करते ही पीड़ित का मोबाइल हैंक हो गया। इसके बाद खाते से तीन बार में रकम निकल गई। एसीपी वेवसिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि केस दर्ज कर विवरण जुटाया जा रहा है। जिस खाते में पैसे गए, उन्हें ब्लॉक कर दिया गया। जल्द ही रुपयों की वापसी और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, कविनगर थाना क्षेत्र की बाम वाली कॉलोनी में रहने वाले तरुन चौधरी ने बताया कि उनके मोबाइल 22 अक्टूबर 2025 को एक कॉल आई। कॉलर ने झांसे में लेकर खाते का विवरण ले लिया। इसके बाद चार बार में 85 हजार 500 रुपये निकाल लिए। करीब तीन माह बाद पीड़ित की शिकायत पर 31 जनवरी को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

धर्म कर्म

'भव सागर पार करने को राम नाम का करें जाप'

■ NBT न्यूज, कविनगर : कथा व्यास संत विजय कौशल महाराज ने कविनगर रामलीला मैदान में श्रोताओं को राम कथा में शनिवार को राम नाम की महत्ता का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि भाई का निस्वार्थ प्रेम कैसा हो, इसकी प्रेरणा सभी को भरत से लेनी चाहिए। भरत निस्वार्थ प्रेम, कर्तव्य परायणता और आदर्श भ्रातृ प्रेम के प्रतीक हैं। भ्रात के समय में ऐसे भाव वाले भाई का मिलना असंभव है। महा कैकई ने राजा दशरथ से भरत के राज्याभिषेक का वरदान मांग था, मगर उन्होंने उसे अस्वीकार कर भगवान की चरण पादुकाओं को राजगद्दी पर विराजित कर 14 वर्ष तक एक तपस्वी का जीवन व्यतीत किया। उन्होंने कहा कि राजा हो रंक, अपने कर्मों का फल सभी को भुगतना पड़ता है। राजा दशरथ से जाने-अनजाने में श्रवण कुमार का वध हुआ। श्रवण कुमार के वियोग में अंधे माता-पिता ने प्राण त्याग दिए। इसी के चलते राजा दशरथ को प्रभु राम के वियोग में अपने प्राण त्यागने पड़े। उन्होंने कहा कि राम नाम की महिमा इतनी है कि साधु-संत ही नहीं देवी-देवता भी उसका बखान नहीं कर सकते हैं। राम नाम के प्रताप से पत्थर तक तैर जाते हैं। हमें भी अपने हृदय पर राम नाम अंकित करना चाहिए, ताकि जन्म-मरण बंधन व संसार रूपी भव सागर से पार पाया जा सके।

आप भी भेज सकते है जानकारी

अगर आप भी चाहते हैं कि आपके ऐसे किसी कार्यक्रम को यहां जगह मिले तो हमें भेजें। अपना नाम और कॉन्टैक्ट नंबर भी लिखें। जानकारी व तस्वीरें ईमेल करें nbtreader@timesofindia.com पर। सब्जेक्ट में लिखें GZB Dharma। आप 9266462965 पर जानकारी वॉट्सऐप भी कर सकते हैं।

GDA ने 25 बीघा ज़मीन से अवैध कॉलोनियों को हटाया

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (GDA) ने अवैध निर्माण और बिना नक्शा पास कराए बसाई जा रही कॉलोनियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने मुरादनगर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ बड़े स्तर पर धस्तीकरण अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से तीन बड़े स्थलों पर अवैध निर्माण को जमींदोज किया। पाइप लाइन रोड ग्राम-सारना में लगभग 20 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया। नलालपुर-रघुनाथपुर रोड पर करीब 5 बीघा क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। नवीनपुर बम्बा दुहाई में लगभग 8 हजार वर्ग मीटर में सड़क बनाने के लिए खड़ी की गई दीवारों और निर्माण कार्य को ढहा दिया।ध्वस्तीकरण के दौरान कॉलोनाइजरों और निर्माणकर्ताओं ने टीम का विरोध किया, लेकिन पुलिस और प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सड़कों, बाउंड्रीवॉल और साइट ऑफिस को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इस अभियान में सहायक अभियंता अनिल सिंह, अवर अभियंता योगेश वर्मा और राजन सिंह सहित जोन-2 का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

मांगें पूरी न होने पर CMO को सौपा पत्र

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : डिप्लोमा फार्मासिस्ट असोसिएशन, गाजियाबाद ने मांगें पूरी न होने पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को शिकायत पत्र सौंपा है। संगठन के मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि करीब एक साल पहले धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन को अपनी मांगें से अवगत कराया था। उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगें में चीफ फार्मासिस्ट की पासबुक अपडेट करना, डीए एवं एसीपी को समय से भुगतान, नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर वार्ड बॉय व स्वीपर की तैनाती, संपदा पोर्टल का अपडेट आदि शामिल थे। संजय शर्मा ने कहा कि धरना-प्रदर्शन के एक वर्ष बाद भी इन मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। संगठन ने शीघ्र समस्याओं के समाधान की मांग की है।

डिस्कस थ्रो में 5वीं बार बनीं नैशनल चैंपियन

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : त्रिवेंद्रम में चल रही 46वीं मास्टर्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शनिवार को डॉ. ऋचा सूद लगातार पांचवीं बार डिस्कस थ्रो की नैशनल चैंपियन बनीं। उन्होंने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 29.87 मीटर थ्रो के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। केरल की लिजी अब्राहम दूसरे और तमिलनाडु की निपिला एल्ब्रेज तीसरे स्थान पर रहीं। ऋचा सूद ने इस बार हैमर थ्रो में भी राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब हासिल किया है और वे प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक व एक रजत पदक जीतकर गाजियाबाद वापस लौटेंगी।

माघ पूर्णिमा पर संगम जाने के लिए स्टेशन पर यात्रियों की भीड़

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : माघी पूर्णिमा पर प्रयागराज संगम पर पवित्र स्नान करने के लिए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह से ही श्रद्धालु ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचना शुरू हो गए थे। सुबह से स्टेशन पर प्रयागराज की ओर जाने वाली कालिंदी एक्सप्रेस, कंचाहार एक्सप्रेस, नेताजी एक्सप्रेस, सिक्किम महानंदा, मीमांचल एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ नजर आई। इन सभी ट्रेनों में चढ़ने के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आरपीएफ इंस्पेक्टर चेतन प्रकाश ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्लेटफार्म पर जवानों को तैनात किया गया था।

Advertorial, Entertainment Promotional Feature

Enterटेनमेंट masalamix

फ्लिपराची के गाने Fa9la ने बनाया वर्ल्ड रेकॉर्ड

'धुरंधर' से भारत में वायरल हुए सिंगर फ्लिपराची के गाने Fa9la ने गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया। इसने बिलबोर्ड्स अंकिया चार्ट्स में टॉप किया है। फ्लिपराची ने कहा, 'गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड क्या शानदार है। यह दूसरी भाषा में भी बहुत पॉपुलर हुआ है।'

उमा सिंह

एंटरटेनमेंट की दुनिया में नॉन फिक्शन या रिएलिटी शोज का अपना बड़ा प्रशंसक वर्ग रहा है। इसलिए अब टीवी के साथ-साथ ओटीटी प्लैटफॉर्म भी रिएलिटी शोज पर बड़ा दांव खेल रहे हैं। आलम यह है कि नए साल 2026 की शुरुआत में ही ओटीटी और छोटे पर्दे पर करीब आधा दर्जन रिएलिटी शोज सुर्खियों में छाए हुए हैं। इनमें रिलेशनशिप और सर्वाइवल आधारित मनोरंजक रिएलिटी शो से लेकर किचन और विजनेस पर केंद्रित किस्मत पलटने वाले रिएलिटी शोज तक शामिल हैं।

अक्षय और सुनील शेट्टी बदलेंगे किस्मत

इस साल के नए रिएलिटी शोज में सबसे ज्यादा चर्चा अक्षय कुमार की होस्टिंग वाले शो व्हील ऑफ फॉर्च्यून की है, जिसमें अक्षय पहिया घुमाकर प्रतियोगियों की किस्मत पलटेंगे। वर्ड-पजल पर आधारित सोनी लिव और सोनी एंटरटेनमेंट के इस गेम शो में प्रतियोगी सही जवाब देकर बड़ी धनराशि जीत सकते हैं। यह अमेरिका के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो का देसी वर्जन है। 40 से ज्यादा देशों में एडाप्ट हो चुके इस शो का नाम दुनिया के सबसे पॉपुलर गेम शो के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स तक में दर्ज है। इसी तरह, एमेजोन एमएक्स प्लेयर के रिएलिटी शो भारत के सुपर फाउंडर्स में ऐक्टर सुनील शेट्टी नए और उभरते आंत्रप्रेनोर्स को अपनी किस्मत बदलने का मौका दे रहे हैं। इस शो में नए स्टार्टअप फाउंडर्स अपने यूनीक बिजनेस आइडिया से जजेज को प्रभावित करके बड़ा इनवेस्टमेंट हासिल कर सकते हैं। यह सोनी के कामयाब रिएलिटी शो शार्क टैंक इंडिया की ही तरह है जिसका सीजन 5 हाल ही में शुरू हुआ है। इनके अलावा, प्राइम विडियो पर बीते साल के हिट रिएलिटी शो द ट्रेटर्स का दूसरा सीजन भी इस साल आ सकता है।

50 दिन की कैद में रहेंगे 50 जाने-माने सितारे

इस साल के रिएलिटी शोज में जियो हॉटस्टार के रिएलिटी शो द 50 भी सुर्खियों में है। सलमान खान की होस्टिंग वाले शो बिग बॉस की तर्ज पर इसमें भी 50 जाने माने सिलेब्रिटी 50 दिन के लिए एक आलीशान महल में कैद रहेंगे। बस अंतर यह है कि यहां प्रतियोगियों को घर के काम नहीं करने होंगे, सिर्फ अपना दिमाग चलाना होगा और गेम में बाजी मारनी होगी। शो में शिव ठाकरे, करण पटेल, मोनालिसा, उनके पति विक्रांत सिंह, मिस्टर फैसू, दिव्या अग्रवाल, शाइनी दोशी, रिद्धि डोगरा, उर्वशी ढोलकिया, मिस नरूला, गुश्किला चौधरी जैसे कलाकारों की एंट्री हो चुकी है। इन नए शोज के अलावा, मास्टरशेफ, रिप्लेट्सविला जैसे पुराने हिट शोज के नए सीजन भी इस साल दर्शकों का दिल जीतने आ चुके हैं। सोनी लिव पर मास्टरशेफ इंडिया का 9वां सीजन चल रहा है, तो जियो हॉटस्टार पर करण कुंद्रा और सनी लियोनी डेटिंग रिएलिटी शो रिप्लेट्सविला का 16वां सीजन लेकर आ चुके हैं। खास बात यह है कि ये शोज ओटीटी के साथ-साथ टीवी पर भी दर्शकों को लुभाएंगे। टीवी पर इन शोज को बड़ी संख्या में दर्शक मिलते रहे हैं। अब ओटीटी पर यह हो रहा है।

इनका है इंतजार

- जियो हॉटस्टार : द फिफ्टी, रिप्लेट्सविला 16
- सोनी लिव: व्हील ऑफ फॉर्च्यून, मास्टरशेफ इंडिया 9, शार्क टैंक इंडिया 5
- प्राइम विडियो: द ट्रेटर्स 2 (संभावित)
- एमेजॉन एमएक्स प्लेयर: भारत के सुपर फाउंडर्स

मूवी रिव्यू कॉर्नर

जावेद जाफरी चमके, पर फिल्म रही फीकी

Upma.Singh@timesofindia.com

लोकप्रिय पर आधारित तुंबाड जैसी शानदार पीरियड हॉरर फिल्म के निर्देशक अनिल राही बर्वे 8 साल बाद अपनी अगली फिल्म मयसभा: द हॉल ऑफ इल्यूजन लेकर आए हैं। यह फिल्म कुछ मायनों में तुंबाड की याद भी ताजा करती है, क्योंकि इसकी दुनिया भी सोना और इंसानी लालच के इर्द-गिर्द ही बुनी गई है। इसके बावजूद यह तुंबाड वाला असर नहीं छोड़ पाती।

एक रात की यह कहानी एक जर्जर अवस्था में पड़े सिनेमा थिएटर मयसभा में घटती है, जहां गुजरे जमाने का एक मशहूर फिल्म निर्माता परमेश्वर खन्ना (जावेद जाफरी) अपने बेटे वासुसेन उर्फ वासु (मोहम्मद समद) के साथ रहता है। मानसिक तौर पर टूट चुका परमेश्वर अजीबोगरीब बर्ताव करता है। हमेशा मच्छर भगाने के लिए धूआं करता रहता है, बेटे के साथ अक्सर हिंसात्मक हो जाता है, जिसके चलते वासु हेलमेट लगाकर रखता है। एक दिन पिता की मार खाकर भागे वासु को रावरना (दीपक दामले) और उसकी बहन जीनत (वीणा जमकर) मिलती है, जिसे वह अपने घर वाली थिएटर में दावत पर बुलाता है। वासु उन्हें ये भी बताता है कि उसके पिता परमेश्वर ने थिएटर में 40 किलो सोना छिपाकर रखा है, लेकिन कहां, वो भूल गया है। रावरना और जीनत उसी सोने की लालच में वहां आते हैं, मगर क्या वे अपने मकसद में कामयाब हो पाते हैं? यह कहानी धीरे-धीरे अनफोल्ड होती है।

अनिल राही बर्वे की ही लिखी इस कहानी की दुनिया तुंबाड की तरह ही रोचक और कई गांठें को समेटे हुए है जो एक के बाद एक खुलते हैं। एक जीर्ण-शीर्ण थिएटर, धूएं की धुंध, अजीबोगरीब किरदार और सोने का राज कहानी में रहस्य बनाए रखता है। ये माहौल कहीं न कहीं परमेश्वर के गड़मड़ दिमाग की परछाई भी है। कहानी धन-दौलत के मायने, इसकी कीमत, इंसानी नीयत, लालच जैसे मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी उकेरती है। इस पर टीओपी कुलदीप मनोनया का कैमरा किरदारों की गंदगी और माहौल के टेक्शन को बनाए रखने में मददगार साबित होता है। लेकिन वर्बे के ये किरदार और उनकी कहानी विश्वसनीय नहीं लगती। उनसे जुड़ाव महसूस नहीं होता, जिसके चलते उनका प्रभाव कम हो जाता है। कई सवालों के जवाब भी नहीं मिलते। जैसे, जीनत को परमेश्वर के राज कैसे पता चलते हैं? आखिर में एक अधूरापन महसूस होता है, क्योंकि अनिल वर्बे ने फिल्म की एक रोमांचक दुनिया भले रची, लेकिन उसे दमदार अंजाम नहीं दे पाए हैं। हालांकि ऐडिटिंग के मामले में जावेद जाफरी ने कमाल का काम किया है। उन्होंने परमेश्वर खन्ना की अजीबोगरीब मनोदशा को पूरी संजीदगी से निभा है। दीपा जमकर भी शातिर जीनत के रूप में जमीं हैं। वहीं, मोहम्मद समद की मासूमियत लुभाती है। कम सीन के बावजूद दीपक दामले भी प्रभावी हैं।

फिल्म

मयसभा : द हॉल ऑफ इल्यूजन

रेटिंग ★★★½☆

निर्देशक: अनिल राही बर्वे
कलाकार: जावेद जाफरी, वीणा जमकर, दीपक दामले, मोहम्मद समद आदि।
अवधि: 1 घंटे 40 मिनट
जॉनर: साइकोलॉजिकल थ्रिलर

क्यों देखें
अलग तरह का सिनेमा देखने के शौकीन एक बार देख सकते हैं।

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 01-02-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZFP User: cci Time: 01-31-2026 23:05 Color:

लोकल कारीगरों को मिलेगी ग्लोबल पहचान : उपराष्ट्रपति

P3

NBT
गाज़ियाबाद Times
OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । रविवार, 1 फरवरी 2026

सड़क पर जलभराव, पगडंडी से निकाली शवयात्रा

P3

Tata Tea Today PRIME CHAI
MAHA BACHAT OFFER
FREE 4g Tata Tea Today PRIME worth ₹20/-
250g Chai worth ₹100/-* के साथ FREE 4g ELAICHI worth ₹20/-*
Normal pack also available
*Inclusive of all taxes
TODAY TEA LIMITED
Toll Free No. 1800 124 100
SHAKTI

हेल्पलाइन नंबर 24/7

पुलिस कंट्रोल रूम
0120-2820758

ट्रैफिक कंट्रोल रूम
9643322904

नगर निगम गाजियाबाद हेल्पलाइन नंबर-टोल फ्री नंबर
1800 1803 012

विद्युत विभाग इमरजेंसी
9193320115

डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल इमरजेंसी
8826294546

फायर कंट्रोल
0120-2777102
9454418348

फटाफट खबरें

स्ट्रीट डॉग पर तेज़ाब फेंकने का आरोप

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना हापुड़ क्षेत्र की पॉश कॉलोनी में स्ट्रीट डॉग पर तेजाब फेंकने व जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए लोगों ने टीएम से शिकायत की है। टीएम को दी शिकायत में मुहल्ला पटेल नगर निवासी धीरज शर्मा ने बताया कि रात के अंधेरे में कोई शख्स कुत्ते के बच्चों पर तेजाब डाल देता है। कुत्ते को खाने में जहरीला पदार्थ देकर मारा जा रहा है। कई कुत्ते तेजाब डलने से गंभीर रूप से झुलसे हुए है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी है।

मुठभेड़ के बाद रेप का आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना धौलाना क्षेत्र में एक किशोरी को अपने घर में खींचकर रोक्युअल असॉल्ट करने के आरोपी को पुलिस ने देर रात में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली लगने से आरोपी जख्मी हो गया। धौलाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को एक किशोरी (15) को गाजियाबाद के विजयनगर निवासी व वर्तमान में धौलाना निवासी आदिल ने अपने मकान में खींचकर यौन उत्पीड़न किया। एसएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

फायरिंग और लूट में 3 को 10 साल कैद

■ NBT न्यूज, आरडीसी : थाना हाफिजपुर क्षेत्र में वर्ष 2013 में हुई लूट और पुलिस मुठभेड़ के मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को बरी कर दिया। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सख्या-6 गाजियाबाद ने सुनाया। कोर्ट ने आरोपी आसू उर्फ प्रवीन, राहुल और रोबिन को लूट की वारदात में शामिल होने, पुलिस पर जानलेवा हमला करने तथा अवैध हथियार रखने का दोषी माना। वहीं, कालू उर्फ रोहित को बरी कर दिया गया। दोषियों पर जुर्माना भी लगाया गया।

हिंडन से नांदेड़ की फ्लाइट कैंसल

■ NBT रिपोर्ट, टीएमए : गाजियाबाद में सुबह घने कोहरे का असर फ्लाइट और परिवहन निगम की बसों पर दिखा। एक तरफ जहां बसें ढियों से लेट चलीं, वहीं हिंडन एयरपोर्ट से नांदेड़ जाने वाली फ्लाइट कैंसल कर दी गई। इसके अलावा कई अन्य रूट पर चलने वाली फ्लाइट भी देरी से उड़ीं। स्टार एयर की फ्लाइट जो नांदेड़ के लिए उड़ान भरती है उसे कैंसल करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि नांदेड़ से ही इस फ्लाइट ने समय से उड़ान नहीं भरी, जिस कारण फ्लाइट कैंसल करना पड़ा। जबकि इंडिगो की फ्लाइट जो कोलकाता और मुंबई के लिए उड़ान भरती है, वह हिंडन एयरपोर्ट से 20 से 30 मिनट की देरी से उड़ी।

हमारा पता
एनबीटी गाजियाबाद
13/1, साहिबाबाद
इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-4
email: nbtreader@timesofindia.com

अब ट्रैफिक नियम तोड़े तो सीधे होगा फाइन

ITMS शुरू, पहले ही दिन बिना हेलमेट का चालान

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : आखिरकार कई बार डेडलाइन बढ़ने के बाद शनिवार को शहर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) की शुरुआत हो गई। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने नगर निगम स्थित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) कंट्रोल रूम और विजय नगर के नवनिर्मित जेनल ऑफिस का निरीक्षण किया। उद्घाटन के दिन ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर शहर में पहला चालान भी काटा गया।

नगर आयुक्त विश्वमोहन सिंह ने बताया कि शहर में ITMS के जरिए वाहनों पर नजर रखी जा रही है। आज से इसकी शुरुआत हो चुकी है। शनिवार को पहले दिन हापुड़ चुंगी ट्रैफिक सिग्नल पर बिना हेलमेट के चल रहे स्कूटी सवार का चालान काटा गया। अब ट्रैफिक नियम का उल्लंघन पाया गया तो चालान कट जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 53 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसके मेंटेनेंस पर ही सालाना 14.4 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस मौके पर मेयर सुनीता दयाल, डीएम रविंद्र कुमार मंदड़, सीडीओ अभिनव गोयल समेत अन्य उपस्थित रहे।

78 चौराहे पर लगे CCTV

पूरे शहर के 78 चौराहों और मुख्य रास्तों पर हाई-डेफिनिशन कैमरे लगे हैं। हापुड़ चुंगी, मोहन नगर, सीमापुरी बॉर्डर, तुलसी निकेतन, नाग द्वार, एलिवेटेड रोड, मेरठ तिराहा और लाल कुआं को कवर किया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि जिले में 3 हजार से अधिक कैमरे लगाए गए हैं।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव ने कंट्रोल रूम का जायजा लिया

ऐसे काम करता है ITMS

AI Image

ऑटोमैटिक डिटेक्शन: जैसे ही कोई वाहन लाल बत्ती पार करता है, जेब्रा क्रॉसिंग लाइन छोड़ता है या बिना हेलमेट/सीटबेल्ट के पाया जाता है, कैमरे तुरंत उसकी फोटो और वीडियो कैप्चर कर लेते हैं।

डेटा एनालिसिस: यह सिस्टम वाहन के नंबर प्लेट को स्कैन करता है और सीधे परिवहन विभाग के साथ ही ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट भेजता है। डेटाबेस से वाहन मालिक की जानकारी निकल जाती है।

चालान कटने के बाद क्या होगा

SMS अलर्ट: वाहन मालिक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर तुरंत चालान का मैसेज भेजा जाता है।

ई-चालान: ऑनलाइन चालान जेनरेट होता है, जिसे आप परिवहन विभाग की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

भुगतान: आपको निर्धारित समय के भीतर ऑनलाइन या कोर्ट के माध्यम से जुर्माना भरना होगा। समय पर भुगतान न करने पर वाहन के फिटनेस या ड्राइविंग जैसे कार्यों में बाधा आ सकती है।

350 कैमरों से सेफ सिटी की निगरानी

कंट्रोल रूम को अब सेफ सिटी परियोजना के तहत लगे 350 अतिरिक्त कैमरों से भी जोड़ दिया गया है। इससे न केवल ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले पर नजर रखी जाएगी, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता होगी।

'बीमार मां का गला दबाया, घूंसे मारे', आरोपी अरेस्ट

CCTV देखकर अमेरिका से बेटी ने दी शिकायत

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

मधुवन-मधुधाम थाना क्षेत्र के संजय नगर सेक्टर 23 जागृति विहार से झंझनियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेटा अपनी ही बीमार मां को बेरहमी से पीटता दिख रहा है। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वहीं बेटी ने अमेरिका से गाजियाबाद पुलिस को मामले की शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

जागृति विहार के मकान संख्या-22 में निशांत ठाकुर नाम का युवक अपनी बीमार मां के साथ रहता है। शराब पीकर आए दिन हंगामा करता है। निशांत की बहन निशा अमेरिका में रहती है। मां की बीमारी और निशांत की हरकतों को देखते हुए उसने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए हुए हैं, ताकि वह उनकी मेहत पर खुद भी नजर रख सके।

दो दिन पहले निशा ने घर की सीसीटीवी फुटेज चेक की तो देख कि निशांत मां को बेरहमी से मार रहा है। निशांत नशे में धुत नजर आ रहा है। वे कभी अपनी मां का गला दबा रहा है तो कभी उन पर घूंसे बरसा रहा है। निशा ने देखते ही तुरंत इस वीडियो को वहां जागृति विहार में पड़ोसियों को भेजा और मदद की गुहार लगाई। पड़ोसियों ने तुरंत इस वीडियो को सेक्टर-23 पुलिस चौकी में दे दिया। छानबीन में पता चला कि आरोपी के पिता विजय पाल सिंह केन्द्रीय विद्यालय में प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

संजय नगर सेक्टर-23 जागृति विहार का मामला। आरोपी (इनसेट में)

- बेटा नशे करने का आदी है
- बेटे की हरकतों को देखकर बड़ी बहन ने घर में लगाया कैमरा
- अमेरिका में बैठकर मां की लगातार निगरानी करती है बेटी

उनकी मौत के बाद छह मां, पत्नी ममता और चार बच्चों के साथ रहता है। निशांत ठाकुर वर्ष 2025 में नशा मुक्ति केन्द्र नोएडा गया था। नशा मुक्ति केन्द्र से कुछ महीने पहले ही वापस घर पर आया है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

UGC के नियम का विरोध CM योगी के साथ ग्रामीण

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना धौलाना क्षेत्र में यूनीसी एक्ट के विरोध व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रहने संबंधित बैनर लगाए गए हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

धौलाना के गांव लाखन में यूनीसी एक्ट के विरोध में ग्रामीणों ने बैनर लगवा है। हालांकि इस बैनर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रहने की बात लिखी हुई है। साथ में भाजपा के अन्य नेताओं का गांव में आना वर्जित लिखा हुआ है। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर हड़कंप मचाया हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यूनीसी कानून को लेकर सवर्ण समाज में काफी रोष है। केंद्र सरकार सरकार अब सबको जातियों में बांटना चाहती है। ऐसा करना समाज के लिए ठीक नहीं है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि बैनर को हटवाकर मामले की जांच की जा रही है।

गांव में लगे बैनर का विडियो वायरल

बंदरों के हमले में छत से गिरकर छात्रा गंभीर

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना धौलाना क्षेत्र के गांव देहरा में शनिवार शाम छत पर बैठी छात्रा पर बंदरों ने हमला कर दिया। बंदरों से खुद को बचाने के लिए छात्र भागी। इसी दौरान वह छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव देहरा निवासी कक्षा दस की छात्रा सना किसी काम से छत पर गई थी। वहां बंदरों के झुंड ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बंदरों से बचने के प्रयास में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पहली मंजिल से गिर पड़ी। हादसे में उसकी गर्दन समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर परिजन उसे तत्काल धौलाना में उपचार के लिए भर्ती कराया।

₹50 के विवाद में चाकू घोंपकर दो दोस्तों की हत्या, एक गंभीर

ढाबा संचालक और 4 कर्मचारियों ने 3 दोस्तों पर किया हमला

■ NBT रिपोर्ट, टीएमए : खोड़ा में एक ढाबे पर भोजन के 50 रुपये के भुगतान को लेकर होटल संचालक और 3 युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि होटल संचालक और कर्मचारियों ने तीनों पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक युवक और एक किशोर की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। होटल संचालक समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने होटल संचालक को हिरासत में लिया है।

मूलरूप से बहराइच निवासी श्रीपाल की खोड़ा में ही बाइक रिपेयर की दुकान है। उनके पास सत्यम भी काम सीखता था। शुक्रवार रात श्रीपाल अपने दोस्त अनुराग और सत्यम के साथ अंबेडकर नेट के पास वैष्णो ढाबे पर भोजन करने गए थे। वहां भुगतान के 50 रुपये को लेकर होटल कर्मचारी नागेश के साथ श्रीपाल का विवाद हो गया। इसके बाद तीनों बाहर आकर गली में खड़े हो गए। तभी होटल कर्मचारी नागेश, राजन, विशेष और विशेष के चचेरे भाई सूरज के साथ मिलकर होटल संचालक धर्मेंद्र ने उन पर चाकू, लाठी और पत्थरों से हमला कर दिया। सभी को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया, वहां श्रीपाल और सत्यम को मृत घोषित कर दिया गया और अनुराग को नोटीसी रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद अधिकारियों सहित तीन थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। धर्मेंद्र, नागेश, राजन, विशेष और सूरज पर केस दर्ज कर धर्मेंद्र को हिरासत में लिया गया।

पहले ढाबे के स्टाफ से हुई कहासुनी

मृतक श्रीपाल

मृतक सत्यम

इसी ढाबे पर भोजन करने आए थे युवक

> "श्रीपाल के परिजनों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके घटना का खुलासा किया जाएगा।
> - अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी, इंदिरापुरम

दोस्त की प्रॉपर्टी के डॉक्युमेंट पर लिया 12 करोड़ का लोन

■ NBT रिपोर्ट, टीएमए : दोस्त की प्रॉपर्टी के कागजात पर धोखाधड़ी से 12 करोड़ रुपये का लोन लेने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दोस्त के कहने पर पीड़ित ने प्रॉपर्टी के मूल पेपर उसके बैंक लॉकर में रख दिए। बैंक की मिनीबसस से आरोपी ने उनकी प्रॉपर्टी पर 12 करोड़ रुपये का लोन ले लिया। दिल्ली के शकरपुर निवासी संजीव कुमार त्यागी ने बताया कि देहरादून के मसूरी स्थित किशनपुर निवासी राजीव त्यागी से उनके व्यापारिक संबंध व अच्छी दोस्ती थी। 28 मई 2012 में उन्होंने शक्तिखंड स्थित एक में भूखंड खरीदा था। इस पर आवासीय इमारत बनाकर उसे किराये पर दे दिया। संपत्ति के मूल दस्तावेज उन्हीं के पास थे। कुछ साल पहले राजीव त्यागी के बैंक लॉकर में दस्तावेज रख दिए। आरोपी ने दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर निजी बैंक से करीब 12 करोड़ रुपये का लोन पास करा लिया। इसके बाद लोन चुकाया भी नहीं। जब बैंक ने उनकी संपत्ति अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू की तब उन्हें इसकी जानकारी हुई। एसीपी ने बताया कि आरोपी को नोटिस भेजने की प्रक्रिया चल रही है। आरोपी बयान दर्ज कराने नहीं आता है तो गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

NH-9 पर कारोबारी से 64 लाख लूटे

दिनदहाड़े वारदात से हड़कंप, ADG समेत अफसरों ने लिया जायजा

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना पिलखुवा क्षेत्र में नैशनल हाईवे- 9 पर राजस्थान के एक चावल व्यापारी से स्कूटी सवार बदमाशों ने 64 लाख रुपये की लूट की और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एडीजी, डीआईजी, एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण किया। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की आठ टीमों को लगाया गया है।

पिलखुवा क्षेत्र में शनिवार शाम राजस्थान के सीकर निवासी व गेहूं, चावल और खल व्यापारी राकेश हापुड़ में अपने पार्टनर विश्व शुक्ला के पास पैसे लेने आए थे। टोयटा राकेश 64 लाख रुपये लेकर बाइक से दिल्ली लौट रहे थे। तभी हाईवे पर जीएस मेडिकल कॉलेज के सामने उनकी बाइक को स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक किया। इसके बाद रिवॉल्वर दिखाकर उन्हें धमकाया और रुपये से भरा बैग छीन लिया। लूट के बाद व्यापारी ने शोर मचाया। तब तक आरोपी दिल्ली की तरफ फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। मौके पर एडीजी मेरठ भानु भास्कर, डीआईजी कलानिधि नैथानी और एसपी हापुड़ कुंवर ज्ञानंजय सिंह पहुंचे। एडीजी भानु भास्कर ने बताया कि लूटकांड में बदमाशों की धरपकड़ के लिए 8 टीमों का गठन किया गया है।

बता दें कि पिलखुवा क्षेत्र में 15 दिसंबर को नोएडा के व्यापारी के मुनीम से 55 लाख रुपये की लूट हुई थी।

बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की आठ टीमें लगाई गईं

घटनास्थल की जांच करते अफसर

कहीं धुंध तो कहीं राहत आज बारिश के आसार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : शनिवार की सुबह शहर का एक हिस्सा कोहरे की चादर में लिपटा रहा, तो दूसरे हिस्से में दृश्यता काफी बेहतर रही। स्थिति यह थी कि हापुड़ चुंगी से पुराने बस अड्डे की तरफ कोहरा बिल्कुल नहीं था। जैसे ही लोग हापुड़ चुंगी से दासना की तरफ बढ़े, उन्हें घने कोहरे का सामना करना पड़ा। यही हाल डीएमई पर भी देखने को मिला। हाइवे पर विजिबिलिटी कम होने की वजह से वाहनों की रफ्तार सुस्त पड़ गई।

मौसम विभाग के ताजा अनुमान ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। रविवार को मौसम का मिजाज और बिगड़ सकता है और बारिश भी हो सकती है।

SIR : BLO के पास फॉर्म ही नहीं थे

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के तहत लगाए गए कैंपों का जब NBT ने जायजा लिया तो कई तरह की अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) तैनात तो थे, लेकिन उनके पास बुनियादी सुविधाओं का अभाव दिखा। सबसे बड़ी समस्या फॉर्म की कमी रही, जिसके चलते लोग बार से फोटो स्टेट करवाकर फॉर्म लाने को मजबूर हुए। अब 6 फरवरी को बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म कलेक्ट करेंगे।

कविनगर: दोपहर करीब 12 बजे। यहां पर लोग फॉर्म लेने के लिए आ रहे थे। बीएलओ के पास कुछ ही फॉर्म थे। लोगों के मांगने पर वह कहते दिखे कि इसका फोटोस्टेट करवा लेना। फिर उनका फॉर्म वापस कर देना। इस वजह से पब्लिक को यहां पर परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा कई लोग सही से फॉर्म भर नहीं पा रहे थे तो मदद करने वाला कोई नहीं था।

गोविंदपुरम: दोपहर करीब 1 बजे। कैंप में आए नागरिकों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना पहचान और निवास के कागजात को लेकर करना पड़ा। अब मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं बनता है, उसकी जगह सामान्य निवास प्रमाण पत्र जारी होता है, जिसे कैंप में अक्सर वैध मानने से इनकार किया जा रहा था।

शास्त्रीनगर: कैंप में सबसे ज्यादा भ्रम नागरिकता के साक्ष्यों को लेकर रहा। यहां भी लोग पेपर जमा करने को लेकर परेशान दिखे।

> "बीएलओ के पास स्टाक होने की कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि मिली होती तो तत्काल सेंटर पर फॉर्म पहुंचाने का काम किया जाता है। -सौरभ भट्ट, जिला उप निर्वाचन अधिकारी

पत्नी व ससुराल वालों ने मांगे ₹3 करोड़, पति ने खाया जहर

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक शख्स ने अपनी बहू पर तीन करोड़ रुपये मांगने और रकम न देने पर फर्जी मामलों में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि बहू और उसके मायके वालों की प्रताड़ना से तंग आकर बेटे ने जहर खा लिया। उसका एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसने एक नोट लिखा है, जिसमें आरोपियों के नाम का जिक्र है।

सुरसेन एक्वीरॉलिस अंसल में निवासी मोहम्मद आबिद ने बताया कि उसनेने अपने बेटे आमिर की शादी एक फरवरी 2021 को मुरादनगर वाली नदी रोड बुलंदशहर निवासी सुमईया से की थी। शादी के बाद से ही बहू बेटे के साथ रहना नहीं चाहती थी। वह चाहती है कि उनका बेटा उसे लेकर अलग रहे। वह और उनकी पत्नी बीमार रहते हैं। ऐसे में बेटा उनके साथ ही रहना चाहता है। इससे नाराज होकर बहू मायके चली गई। बहू, अनवर, इदरीश और इरशाद उनके पुत्र से तीन करोड़ रुपये की डिमांड कर रहे हैं। न देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे है। इससे तनाव में आकर उनके बेटे ने 29 जनवरी 2026 को जहरीला पदार्थ खा लिया। उसने अपने नोट में ससुराल पक्ष को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके नामों का जिक्र किया है।

प्रताड़ना का आरोप

- शादी के बाद से पति के साथ नहीं रहना चाहती है पत्नी
- मुकदमे वापस लेने के एवज में तीन करोड़ की डिमांड

जीवन साथी

दिल का रिश्ता

वधू चाहिए

जाति आधारित

अग्रवाल-बिसा

JAIN boy, B.Tech, Jun 97/6'2', Wrkg @Google, B'lore, Earns 8 digit, Father Senior Govt Officer, Settled in NCR. Seeks Working Girl. 9810939402

SUITABLE Aggarwal match for 40/170/MS PhD wrkg in US will come back & stle in India Delhi based fmly. M: 7042634305, Em: kpvaish@gmail.com

WANTED, Homely, Below 28 Years Girl, For Bisa Agrawal Engineer Boy From Affluent Family,65 Lpa,Whatsapp: 9068803228.

SUITABLE Match for Bansal N/M, 14.03.91 / South Delhi / 5'10" / M.B.A. boy, Well settled Export Business. +9810279505/ 9968002820

PQM4 H'some, B.Tech, MS CS, Agarwal Boy, 29/5'10", well edu Delhi fmly,wkg MNC Gurgaon, Seeks Veg Agarwal girl. Broker excuse. 9910466019, 7042205964

AGGARWAL Boy based in New Delhi (Punjabi Bagh). Family business of Iron Steel, 5,11", Fair, 29 Year old, Non-Manglik, Bcom (H) & MBA. Seeking well educated girl from business family. Contact: 9 8 1 0 2 6 3 0 4 , aggarwalraghav25@gmail.com

PQM 4 Garg boy 1-3-94/FBD / 5'6.5" / B.Tech MBA (IMT Gbd) 50Lpa/Blr pref B.Tech MBA/CA rptd Univ.pref rptd fmly + 9811117183, 9899570426

SM4 5'11" Garg 7-02-1987, 6:30am Faridabad never married BE + MBA H'ness veg TT boy of Rpd family +7678176115 / 9899577992.

PQM4 H'some, B.Tech (IIT), M.S, Ph.D (USA), Mittal Boy, Aug'92/ 5'8", Wkg MNC 8L.R, 70LPA well edu.Del-NCR fmly Early Marriage + 9354120569

B.TECH Agrawal bindal boy Fair H.some Oct 95/5'8" Wkg IT MNC Noida Soft Engr 25LPA. Father Business. All valshya PQM Wkg accepted 9310082425.

ब्राह्मण

SM4 Delhi-based Brhmn Engg Boy 29/5'8"/18LPA,Wkg MNC, Non-Mglk,Veg,Pref Delhi/NCR Girl, Caste No Bar,Mob no - 9250147208

BRAHMIN Engineering Boy 27/5'5", Working in MNC, Gurugram, 14 LPA, Sandhalaya Gotra, Seeks a Beautiful girl. Contact: 9278983731, 9355487977

G.B, Kau, 39, Delhi, 57, BBA, MBA, CCNA, own house & flat B'ness, 8 to 10Lpa, father gov, retired, upper cast no bar, normal family, Cont 9896021977

PUNJABI Sr.Brahmin Sep 88 B.Tech (CS), 5'9" Veg, Wkg as Manager in German MNC Ggn, 46L, Never married seeks wkg girl pref.in NCR.WA 9958977190

SDO (Irrigation) in State Govt / Handsome Kayastha Boy 30/5'8", Seeks B'Ful Edu. cultural girl, Father Chief Engineer (Retd) + 9622660214

SRIVASTAVA, 37/5'11" MBA (IMT) 33L, H'some box. Divorced (No kids) Sr. Mgr MNC Noida, Seeks wrkg girl. Caste No bar. + 9312260717

PQ Wkg Girl 4 BTech,MBA, Saxena Boy NM/30/5'11/43 LPA.MNC Noida Owns car & Flat in NCR.All Upper caste OK. M 7070002262

WANTED bride for 27 y/o boy working in an MNC (only Mathur alliances solicited). Family is from Old Delhi, currently based in Bangalore. Contact 7303743989

LOOKING Suitable Match for Smart Fair boy, B.Tech, MBA, Manager in Reputed firm May 95/5'8" Contact No. 9412118016

SAX. boy Dr. M.D.S. 82/5'8" Reader, Lko Div, Own clinic/10 LPA, Pref. wkg Bureau Excuse +7599622553, 8557942076

SM4 Kayastha boy 32/5'6/12 LPA/B. Tech works in MNC-Delhi seeks b'ful prof. Qual. working Girl based in NCR# 6397573564

खत्री

MATCH for Non-Mangalik, B.Tech, MBA, 13.12.87/5'10" boy 38 Lpa Noida/wrkg from home, Lucknow based pref.Khatri girl / upper cast. Call 9454056012

SM for Well Settled Delhi Based Punjabi Boy 5'11"/ 05-08-90 / 4.45 a.m., B.Tech, Running Own Business. Mob: 9811933021, 9871471911

क्षत्रिय

PQM RAJPUT, 30 yrs, 5'9", 32LPA. B.Com (SPPU), CWM (AAFM), charter from SEBI. Working with MNC, Mumbai. Wanted working, family-oriented bride. Ph- 8007771483

तमिल अय्यर

TAMIL Iyer Boy, B.E. (Delhi University) 5'11", 80kgs, 1997 born, Software Engineer-3, Bangalore, Kaundinya.-Chitra, Sect/subsect No bar Graduate/ Post-graduate/Prof. girl pref. Contact: 9899100554.

नॉर्थ इंडियन

PQM - JUNE94 -BTech-CSE 5'11",AGARWAL Manglik, Wkg (Remote) in MNC 34LPA. Family based Jaipur. Caste no Bar Wtsap 8930844018

राजपूत

ALLIANCE Invited For Rajput Boy 25 Years/ 5'11"/ Govt. Engineer at Delhi. Girl should be Qualified. Contact: 9711925488, 8800530411

कार्य आधारित

डॉक्टर्स

MD /MS /CIVIL SERVICES Match for Smart Arora boy 1988 born 5'9" Pursuing MD Radiology. 9996985442

24/DEC1996,/6' MBBS, MD -Emergency Medicine final year MGMC Jaipur, seeking suit-able preferably medico match. M-: 9829075408

WELL stld match upto 43 yrs for Panchkula based never married PG doctor 1974/5'4". Contact 7973070110, 9814950258

Doctor(U.P.)- 1/8/93,5'4" surgeon orthopaedic boy own hospital,father doctor,mother housewife, seeks doctor bride
9458704271,7011337989, 9412286706

MBBS/ MS/MD/IAS/ALLIDE bride seeking for doctor salni boy MS (ORTHO), 21.02.1994, 5'8" upper cast no bar, Mob 9458700126, 7579458909

धर्म आधारित

हिंदू

NI Brahmin Boy Repated family 28/175 Athletic BS/ MS top US Univ wkg Top IT Co USA Green Card seeks PQM bride mridulanand@yahoo.com , All Hindus Welcome

SEEKING bride for 33-yr groom, fam biz, Delhi based, Hindu bis famly. Dir. contact 9266627218. Mrg. bureaus pls excuse only.

मुस्लिम

WANTED sunni muslim bride for tall (6 feet),handsome ,fair ,MBA professional working in Bread financial company(Bangalore) as Analyst Model Executive, with income of 25 lacs p.a. The bride should be decent, beautiful,tall,fair (working/non working), muslim (caste doesn't matter) . Contact 9162469362,9179795507

WELL settled, responsible and family oriented Sunni muslim boy 36,B.Tech professionally employed in Gurgaon seeks suitable match.Lucknow based family. Contact 7236056807 whtsapp 9400897661

सिख

SM4 Sikh Khatri boy, 31/5'10",B.Sc. Aviation, CPL, ATPL,Captain in Dubai based International Airline. Earns handsomely. Wapp- 9811033702

HANDSOME boy Sikh Ramgarhia 28/5'11 Delhi own house MBA wrkg MNC PKG 11 lakh seek working girl simple family. 98268 92800, 9818478926

वधू चाहिए - भाषा आधारित

बंगाली

GURGAON based Bengali Kayasthya Widower 33/5'8" BE MBA wkg Power Sector. Father Ex - NTPC Engr.Seek simple, graduate non wkg girl.Caste no bar. Ph 9968008263 after 11 am

SM4 Kayastha boy March 96/5'8" MBA AVP 35 LPA MNC working Mumbai Family Lucknow based seeks educated wkg match 9415495593

पंजाबी

SEEKING smart NCR wrkg Girl For Fair H'some Punjabi Khatri Boy 34 / 178, B.Tech, Wrkg in MNC @ 36LPA. Caste no bar. Contact: 8800330608.

H'SOME, 95.6.20 pm, 5'8, CA, 36 LPA, Delhi, Father Businessman, Aggarwal & brahmin family accptd 9837279704 call time 11am-11pm

SEEKING PQM match for Punjabi Khatri boy, Sept 1993/5'5",CFA,MBA (IMT Ghaziabad), High-Paying Corporate Finance Job, Living in Toronto. Visiting India 31st. January, 2026. Dr. Madhok : 9897606172

NVR MRRD PNJBI
KHATRI,H'SM 56yrs,6'1"
B.TECH (mech)
(ENGG.INDUSTRY) SEEKS
NVR MRRD GUD LKNG
ED.GRL ST ABV
45yrs,DCENT FMLY
leomatch71@yahoo.in
W/ap:7838908220

B'FUL Girl from affluent family for Punjabi Khatri boy 03.03.1998, 09.24 pm, Del /5'7" Engineer (DTU) , own Business from affluent fmly. 9910861172

"ARORA, B.Sc., Feb 92, 5'6", Non Mglk, H'some Boy printing b'ness in dhanaj, looking for educated cultured b'ful girl, + 9415036917"

Suitable Match For Clean Shaven, Bhatia Sikh Boy, 32 yrs/5'6", Reputed International Airline Pilot, 50 LPA, only single child, property worth above to 25 Cr. Seeks well educated cultured girl.
Send Bio-data What's app
9650777199

जर्नल

कास्ट नो बार (जाति का कोई बंधन नहीं)

BEAUTIFUL Lady, Slim, Educated, Aged 50 + Years for Canada NRI, Hindu, 40 Years Qld 5'8" Handsome Divorcee. Caste No Bar. Mob:9813681964

PQM pref. IT, willing to relocate UK for Kayastha, 6', Feb '90, H'some, Sr. IT Professional. working Leading IT Co. London. Excellent. pkg. U/ c no bar. Contact: (W)9999319898

SEEKS working girl for BTech MBA Brahmin Boy 90/5'6.5" in health ministry Delhi CTC 22L M 9818600338,8368894428

JAISWAL boy 34/6' BTech business divorced issueless seeks educated girl pref West UP/UK/PB reputed family caste no bar 9412016001

चेन्ज बी पू बीएड टिचर 30 , दिव्यांग, बीच स्पेशे्ल्ट्स है, 2 बिलर भगाता है, स्मार्ट सुन्दरता छोटा परिवार, सम्पन्नता जीवन साथी चाहिए, जाति बंधन नही ! पूर्ण 9612595122

SM4 NCR-Based Khatri boy Aug87 / 5ft, B.Tech, WKG MNC Noida, 41 LPA, Father Retd. from IAF seeks Qual.Girl. (UC ONLY) - 8860475766, 9873725005)

PB Khatri khanna 1986 born boy Bachelor CA MBA working in top MNC as Director pkg 75 LPA looking Good Life partner caste no bar. + 9818227342

CHAURASIA 28/5'10", fair h'some, cons edu, B.Tech wrkg MNC Bangalore, 18 LPA Seeks SM edu bride frm good fmly + 9415212399, 9720678984

SM4 H'some B.A, LLB W. Stld Boy 28/6'/8-10LPA Legal Profe sional in banking sector prefd match from Delhi-NCR + 767860 2647 hbansal21960@gmail.com

चैन्नयी लड़की 45 yr/ 5'8" / 70 Kg उपरा भारतीय भारतीय इलाका 80000/Wife Death/ बच्चा नहीं), विधिवत कन्या परेशु लड़की चाहिए चेन्नय कहीं मिलेंगे मुलाकात 9066271288

BRAHMIN unmarried graduate groom 46/5'8" self employed / 4 LPA own house seeks Edu. bride widow/divorcee. 9958123667

EDU & Cultured b'ful girl shld be fmly oriented for tall,smart boy,6'1",Mar 97, MBA (Fin) working in top consltg firm. Retd. parents (Brhm+Rajput),own appt in N.Delhi. Wap 9891940033

MATCH Indian/Australian Bride for H'some, Sr.Punjabi Boy, 20.10.1987/3:25pm, MBA/ Manglik. Settled in Australia. Caste no bar + 8860881767

SM4 H'some, tall Sindhi Sahiri boy, 32/6ft, Postgrad, wkg with reputed Pharma MNC in Gurgaon,seeks,educated,b'ful,wrkg girl Sindhi/Punjabi 9717834682

PQM4 H'some Jat Boy 30.11.96 / 5'11", B/Tech Marine Engg., Wkng PIL Singapore Seeks profinl qulfd Bride/ 5'6" Good fmly Contact 9896 8 9617 5219

SHARMA 39/5'10" Never married, Delhi based self employed boy, Seeks for suitable match. Send details W'App: 8448153541

Bride for 1989 born, VAISHYA, very handsome, 5'9", brilliant Engineer, Masters from USA, Holder of Green Card on criterion of extraordinary ability, worked for a decade in corporates, planning own global operations, father - ex senior bureaucrat, mother - practicing medical professional, settled in Delhi/NCR. Looking for a smart and decent looking girl, educated and settled or willing to settle anywhere, from decent family. Caste no bar.
Contact
9810047653
pkgirs84@gmail.com

SUITABLE MATCH FOR 1981 Born, Arora Boy, Non Manglik, 5'11", Never Married, South Delhi - Based Professional (BTech + MBA). High Package. Looking For A Working Girl, High Status, Well Settled And Cultured Family.
whatsapp.
9818311788

हर आम भारतीय के लिए शादी सेवा हिंदी में

लड़कियों के लिए* बिल्कुल मुफ्त

Jodii

*शर्तें लागू

अभी ऐप डाउनलोड करें

GET IT ON Google Play

वर चाहिए

कॉस्मोपॉलिटन

Dual MS from USA Punjabi Brahmin Boy, Jan'94/ 5'11" Slim, Fair, Smart, High income US-client consultancy from India. Parents engineers, factory in Noida. Seeks Tall, Slim, B'ful, Highly-edu career oriented girl below 30 yrs.
(All Upper Caste Welcome)
W'App:
981-811-3610
No brokers please

दूसरी शादी

AGARWAL MCA S/W mgr 45/5'7" 40LPA divorcee Tless seeks B'ful qual cult'd Homely girl UCNB pref widow WA BBP 9811305965

PB. Khatri 74/5'8 mutual Divorce, highly qlfd, Wkg in Govt. as Officer. Cast no bar. Wap/pic:8287088477 E: molgm@yahoo.com

KAYASTHA, HJS (ADJ in FT) 46/5'7" Non Mglk, H'some with a son 7 yrs. Looking for educated cultured girl. +9415502917

JAIN groom, 37, Noida, divc, no issue, well - settled, 5'10", CS, family finance business, Veg, Father CA, Seeks veg, issueless girl. Ph: 9717258666.

36/6' Hindu Baniya, Divorce ,Veg,Non-smoker,b'nssman, own house & car, seeks MA+ good fig S Del mate 99711 bride rhnidellagr89@gmail.com

SM for Graduate H'Some May'86/5'10'/ Divorcee Garg boy/ Running Own Business, Seeks Edu. B'Ful homely match. + 9899666394

SM4 Brahmin Mglk Girl May 1994 Born 5'4" doing Ph.D, Teaching in Central Univ in Delhi D/o Army Offr. Pref. Def/Civil Service Offr, Prof. + 9873412676

PQM4 SAN. Brahmin Girl 44/5'4" Fair Smart Slim M.Sc Ph.D (Microbology) M.Ed E: paramomi1356@gmail.com +6398852991 , 9258356606.

SM4 B'ful Brahmin,Doctor girl 27,165/BDS,PGDM,Wrk Job in Noida MNC prefers NCR boy, Family Haridwar based, M-7895187034

SMART NIT IIM Consultant in Top MNC 29/5'5" brahmin. PQM from IIT/IIM/ IIIT/MBA (Tier I)/MS/Edu. Enterpreneur /general category,veg,eggtn. invited + 9833174456/7738360999

PQM for Gaur Brahmin, MBA, Jan,1985, 5'5", wkg in MNC, Gurugram. Cultured, independent. sharma.sk06@gmail.com

GAUR Brahmin Girl B.TECH (CS) Sr. Software Engg Jan 97 / 5'5" Working in MNC, Bangalore (IT) Professional prefered - Delhi NCR & Tricity Only - 9988626623/9560093623

MBA, CFM, CFA L2 (ICFAI), N/M, PQM for Career oriented August 83/5'3, Investment Manager. Contact 9650833611, 9650929012. Divorcee Excuse.

SANADYA Girl Fair/Sept 91/5'2" B.Tech Lead Consultant MNC(Noida) Package 33.5LPA, seeks Job Oriented Boy Contact-9717812008

PUNJABI Sr. Brahmin NM Girl Veg 33 yr 5'3" DU BCom working MNC Gurgaon 22 LPA. Delhi NCR 'PT' boy preferred 9911563632, 9582828164

PQM4 Brahmin girl 42/5'4" Nvr Married B.Tech CS MNC Gurgaon, All Upper Caste invited 9216864609

SQM 4 Manglik Nov. 1992 born 53" nadi madhya LLB CA Inter parashar gotra, Caste no bar. + 9810506616

PB BR SR match for 79 Born Never married Girl 5'2" fair, slim IT Professional Divorce pls excuse +8650931749

ADVICE
Readers are advised to make appropriate / thorough enquiries before acting upon any advertisement. This newspaper does not vouch or subscribe to claims and representations made by advertisers regarding particulars of status, age income of bride/groom.

BHATNAGAR Girl, Dec'83, 5'4",V Fair, Never Married, B.Tech, Based & Wkg in Ggn seeks well settled groom. 9953966893

SM4 Mathur Girl Oct'96, 5'4" M.TECH (CS) Lead Engineer, MNC Noida, Delhi Based Reputed Family, Pref. Delhi/ NCR Mathur. Cont: 9654144748

KAYASTHA girl 18.04.1991, 6.32P.M., 5 ft. graduate from Delhi University, working in MNC Noida w'call 7428539975 email:cns.sandeep@gmail.com

SM for reputed Prayagraj family Srivastava girl February 98/5'2", Ashthi Manglik, BTech, Working in MNC Noida. M-9450584749, 9452492780

SRIVASTAVA 1986 / 5'4", Very Fair, Beautiful, M.A., B.Ed, CTET, Issue less Div. Short marriage seeks Defence, Govt, Engineer. + 7428035728

CA Kayasth Mngk Aug'93 5'2" Girl, Sr. Associate in Big 4 in Ggn Seeks Well Qlfd Boy Prefd, C.A / MBA/ IT India, Cont: 9451993529,7043817929

DELHI/NCR Based Match for Mathur Girl 34/160/5.25 LPA, M.Sc. Dip. in Nutrition, Dietician in Reputed Hospital. Any upper caste Contact: 9650998800

KAYASTHA B'Ful, Fair Girl July 92/5'2" BOT 6.58 am, Issueless Div., BBA, MBA-HR. Seeks Qlfd. Boy only Delhi NCR. Wp: Sudhir Bhatnagar : 9811150727

खत्री

PQM for 25yrs Ht 5' 7 Punjabi Khatri, fair, B.Tech I.T. girl with an MNC. Looking for match and family from Mumbai only. Ph 9821854663.

B'FUL Khatri Girl,1995, 5'6" Acclaimed Professional (60L+) Well-settled Top Professional / Entrepreneur preferred/ Delhi-NCR,Contact: 9416091610

V B'ful fair slim conv.edu LLB Corp Lawyer MNC30/157cm/ 7.6.95/4.58 am Delhi) 33Lpa,Phi Biz Fam Ggn seek H'sum W.atld Biz/prfl.Wap/call 9668786608.

B'FUL Fair Punjabi Girl, June-1984/5'3",Own Business D/o Issueless,Pref. Businessman, Well Edu., Issueless, only Delhi NCR. + 9810002649

क्षत्रिय

SUITABLE match for 28/5'7" MBA, High income Kshatriya girl from Lucknow, Father Senior Civil Servant from very reputed family. Proposals expected from settled Business families /Civil servant.Caste no bar. Contact 7275829933 (Whatsapp)

SLIM, Fair, B'ful, Mglk Rajput Girl, May 93/5'4" M.Sc., NET qlfd. Wkg as SRF. Seek well edu & Std Groom fm status Rajput fmly, beurs Excuses 9650308129

कुर्मी

MBBS MD (Path), fair & bful 09/1997/5'4" Kurmi Kshatriya girl. Elite fmly from UP. Invite suitable medico match. 9839044652

जाति आधारित

अग्रवाल-बिसा

PQM for NCR based never married fair b'ful girl 42+/5'2" Master's C.Sc /B'lore Co./ 28 lpa/b'ly edu fmly # 8743964164 bctechno46@gmail.com

MBA (IIM) Agarwal Garg Jain 29/5'4" Fair Girl. Wrkg in Mumbai company. Father Govt. Bank Officer Agra Family. Contact: 9759133345

CA Agarwal Girl 32/5'4" Wheatish, service Gurgaon, 21 LPA, Seeks Highly Educated, Well Settled, Vegetarian Groom Cont: 9813083290

PQM4 Garg PMP MBA BTech girl Mumbai 22.01.95/ 5'1", Sr Mgr listed fintech MNC 36 lpa, father Commr IRS (R) Noida, 9953782450 (WA)

ब्राह्मण

ब्राह्मण 38 / 5'2" चौदह प्रतिष्ठित, गृह कार्य दक्ष ,सुशील कन्या हेतु योग्य ब्राह्मण वर चाहिए । NCR एवं आसपास के क्षेत्र से संपर्क करें : 8438452399.

